दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
वर्ष: 16 | अंक 328 | सीकर, शनिवार 24 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## पीले परिधानों में सजे नौनिहाल, मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ एसीआई परिसर

जयशंकर जांगिड़




**झुंझुनू (नवयत्न)।** स्थानीय एसीआई शिक्षण संस्थान में शुक्रवार को बसंत पंचमी के पर्व का आयोजन संस्था निदेशक मनोज शर्मा विकास शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना के साथ किया गया। संस्था निदेशक विकास शर्मा ने बताया की ये ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के प्राकट्य का दिवस भी है। हिन्दु मान्यता के अनुसार बसंत पंचमी के दिन ही भगवान ब्रह्मा ने माँ सरस्वती की रचना की थी। प्रचलित एक पौराणिक कथा के अनुसार, बसंत पंचमी के दिन भगवान ब्रह्मा जी ने एक ऐसी देवी की संरचना की जिनके चार हाथ थे एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में पुस्तक, तीसरे हाथ में माला और चैथा हाथ वर मुद्रा में था। ब्रह्मा जी ने मां सरस्वती जी को वीणा बजाने के लिए कहा जिसके बाद संसार की सभी चीजो में स्वर आ गया इसी कारण उन्हे स्वर की देवी कहा जाता है। निदेशक मनोज शर्मा ने कहा कि यह दिन ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है इस दिन को विद्या आरम्भ के नाम से भी जाना जाता है जो शिक्षा की शुरूआत के लिए शुभ माना जाता है। इस कार्यक्रम में निषिका कक्षा यूकेजी ने माँ शारदा का रूप धारण किया साथ ही कक्षा 5 व कक्षा 6 की छात्राओं ने माँ सरस्वती के समक्ष नृत्य प्रस्तुत कर विद्या आरम्भ की कामना की और छात्रा अलसाना द्वारा प्रस्तुत गायन स्वर की देवी माँ शारदा से उपस्थित जन समूहों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिनेश वर्मा, अशोक जाँगिड़, राधेश्याम शर्मा, धमेन्द्र नागर, दिव्या रोहिला, महेन्द्र सिंह, दिनेश आचार्य, दिवेंक शर्मा, राकेश, कविता राठौड़, नरेश कुमार, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, रितिका बहुगुणा, पूनम शर्मा, बिलाल अली, हेमन्त जाँगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील व यश शर्मा उपस्थि।

## बसंत पंचमी पर छात्राओं ने लिया मतदान जागरूकता का संकल्प

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में वंदे मातरम्ञ150 के तहत दिनांक 23 जनवरी को वंदे मातरम गीत का गायन किया गया तथा बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानू, स्टाफ सदस्य एवं छात्राओं ने मां सरस्वती व गणेश जी को पुष्प अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया ने छात्राओं को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि यह पर्व आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए और आपके जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाए। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानू ने छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी पिंकेश, अंजू सैनी, समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्राऐं उपस्थित रही।

## अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वाली दो महिला तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम क्राइम ब्रांच सीएसटी ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करणी विहार व झोटवाड़ा थाना क्षेत्रों से दो महिला तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 09 ग्राम स्मैक व 98.61 ग्राम गांजा सहित 6 हजार 690 रुपए की नकद राशि बरामद की गई है। फिलहाल आरोपित महिला तस्करों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि जयपुर पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चला, जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन श्क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी टीम ने पहली कार्रवाई करणी विहार थाना क्षेत्र में की है। जहां पुलिस को सूचना मिली थी कि गणेश विहार कॉलोनी हीरापुरा पावर हाउस के पास स्मैक तस्करी की जा रही है।

जिस पर पुलिस ने रजनी बाई 25 को गिरफ्तार कर उसके पास से 9 ग्राम स्मैक, 2 हजार 690 रुपए नकद और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई झोटवाड़ा थाना क्षेत्र कमानी रोड झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में की है। पुलिस ने पिंकी सांसी पत्नी 33 को गिरफ्तार कर उसके पास से 98.61 ग्राम गांजा और 4 हजार रुपए नकद बरामद किए गए।

# तमिलनाडु में डिएमके सरकार का काउंटडाउन शुरू : पीएम मोदी

## कहा : ये बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगे हैं

**तिरुवनंतपुरम।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के चेंगलपट्ठू में कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। हमें तमिलनाडु को करप्शन फ्री स्टेट बनाना है। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। आज तमिलनाडु की सरकार का डेमोक्रेसी या अकाउंटिबिलिटी से लेना देना नहीं है। डीएमके सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है। इनकी पार्टी में जो ज्यादा करप्शन करता है वो आगे बढ़ता है।इससे पहले दिन में मोदी केरल पहुंचे थे। उन्होंने तिरुवनंतपुरम में कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है।'

### तमिलनाडु में स्पीच, 2 बड़ी बातें...

#### 1. डीएमके सरकार पर

डीएमके ने वादे बहुत किए लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग भ्रष्ट सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है। डीएमके में वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ये सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है।

#### 2. कांग्रेस पर

बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपए तमिलनाडु को दिए हैं। ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है। एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के वेलफेयर के लिए करोड़ों रुपए दिए हैं। कांग्रेस गठबंधन के कार्यकाल में गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी के वेलफेयर के नाम पर सिर्फ घोटाले होते थे।

## केरल में पीएम ने कहा - यहां भाजपा की नींव पड़ गई



### केरल में मोदी किस पर क्या बोले

**1. लेफ्ट और कांग्रेस सरकार पर**–तिरुवनंतपुरम के साथ दशकों से लेफ्ट ने बहुत अन्याय किया। यहां की जनता को बेसिक सुविधाओं से वंचित रखा गया। एलडीएफ, यूडीएफ के लोगों ने केरल को करप्शन और कुशासन की राजनीति में झोंक दिया है। एलडीएफ, यूडीएफ के झंडे अलग हैं, सिंबल अलग है लेकिन पॉलिटक्स और एजेंडा एक है। झंडा अलग लेकिन एजेंडा एक है। इनकी मिलिभगत को तोड़ना होगा। परिवर्तन लाना होगा। कांग्रेस की मुस्लिम लीग और माओवादी सोच से आपको सतर्क रहना है ये केरल को अपनी लैब बना रहे हैं। कांग्रेस यहां कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रही है। आस्था की पवित्र धरती को मुस्लिम लीग के एजेंडे से बचाना है। 2014 से पहले दिल्ली में 10 साल तक लेफ्ट के समर्थन से कांग्रेस की सरकार चलती थी। उस दौरान केरल के किसानों के लिए न लेफ्ट ने कुछ किया न कांग्रेस ने किया। किसान के हित का पैसा नेताओं की जेब में पहुंच जाता था। हमने पीएम किसान निधि शुरु की। एलडीएफ, यूडीएफ के लोग चाहकर भी इस पैसों का लूट नहीं सकते।

**2. केरल में भ्रष्टाचार पर**–तिरुवनंपुरम के साथ दशकों से लेफ्ट ने बहुत अन्याय किया। लेफ्ट और कांग्रेस ने करप्शन के चलते यहां की जनता को बेसिक सुविधाओं से वंचित रखा। अब ऐसा नहीं होगा। हमारी टीम ने विकसित केरल पर काम करना शुरु कर दिया है। मैं यहां की जनता से कहता हूं कि आप विश्वास रखिए जो अब तक नहीं बदला, वो अब बदलेगा। तिरंवनंतपुरम पूरे देश के लिए मॉडल सिटी बनेगा।

करप्शन ने केरल के डेवलपमेंट पर ब्रेक लगा दी है। बैंकों में घोटाले करके गरीबों का पैसा लूटा गया। किसी ने बच्चों की पढ़ाई तो किसी ने बिटिया की शादी के लिए पैसा रखा था। वो भी कांग्रेस और लेफ्ट ने लूट लिया। ऐसे लोगों को कड़ी सजा देना जरूरी है।

## बसंत पंचमी के अवसर पर की सरस्वती पूजा

सुरेन्द्र शर्मा




**झुंझुनू (नवयत्न)।** शहर के गौरव पथ पर स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में वसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माँ सरस्वती की आराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय स्टाफ ने प्रथम पूज्य भगवान गणेश व माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया और सबके हृदय में ज्ञान का प्रकाश जगाने की शुभकामना की। विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती की पूजा करके ज्ञान का वरदान माँगा। प्राचार्य महोदय ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि बसंत पंचमी हमें ज्ञान, अनुशासन और सृजनशीलता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। प्रार्थना सभा में वसंत पंचमी के पर्व का महत्त्व समझाया और बताया कि यह त्योहार धर्म विशेष से जुड़ा त्योहार नहीं है। माँ सरस्वती ज्ञान की देवी है, उनकी आराधना करके हम सबको आशीर्वाद लेना चाहिए। हमें साकारात्मक सोच को विकसित करके एक-दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। माँ सरस्वती का आशीर्वाद पाने के उद्देश्य से विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने माँ सरस्वती की विधि विधान से पूजा की और उनके चरणों में फुल अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण से शुभ कार्य का समापन हुआ। मानवी, धनंजय, अर्णव व कृषा ने कविता पाठ, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से वसंत पंचमी के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्त्व पर प्रकाश डाला। हर्षिका ने मंच का संचालन बखुबी किया। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी, कनिका मोदी, विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल व अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल ने वसंत महोत्सव के पावन अवसर पर अभिभावकों को मंगलकामनाएँ प्रेषित की।

## चैतन्य फैशन का हुआ उद्घाटन



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** मंडावा मोड़ स्थित जे बी शाह कॉलेज के सामने स्थित चैतन्य फैशन जेंट्स वेयर का उद्घाटन शुक्रवार को चंचलनाथ पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज, विचार नाथ महाराज, संघ के विभाग प्रचारक मुकेश, भाजपा नेता विश्वंभर पूनिया, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा व राजू मारिगसर के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। चैतन्य फैशन जेंट्स वेयर के संचालक चैतन्य व यश सहल, सौरभ सहल एव प्रोपराइटर राकेश सहल ने बताया कि सही कीमत, उत्तम क्वालिटी एवं आधुनिक व टिकाऊ हर प्रकार के उत्पाद यहाँ उपलब्ध हैं। पंडित हरिकिशन शुक्ला के आचार्यत्व में पूजा अर्चना के बाद संत ओमनाथ महाराज व संघ विभाग प्रचारक मुकेश ने फीते की गांठ खोलकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर प्रचारक रायसिंह, सुधीर सहल, बुधराम सहल, राजकुमार सहल, अशोक जोशी, रामनिरंजन पुरोहित, पवन शर्मा देरवाला, रामगोपाल महमिया, वशिष्ठ शर्मा, प्रदीप शर्मा, विकास पुरोहित, अनिल जोशी, चंद्र प्रकाश जोशी, श्रीकांत पारीक, अनिल मिश्रा, महेश जीनगर, विजय डारा, संदीप सोनी, महेश बसावतिया, संजय शुक्ला, राजेंद्र पांडे सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्यजन उपस्थित रहे ।

# झुंझुनू जंक्शन की मांग को लेकर संघर्ष को मिली धार पोद्दार बने संघर्ष समिति के झुंझुनू नगर मंडल अध्यक्ष

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शेखावाटी अंचल को झुंझुनू रेलवे जंक्शन की सौगात दिलाने हेतु लंबे समय से चल रहे झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान को और अधिक धार देने के उद्देश्य से शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इसी क्रम में शहर के वरिष्ठ समाजसेवी रघुनाथ प्रसाद पोद्दार को झुंझुनू नगर मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। मनोनयन अवसर पर समिति के महासचिव डॉ. मनोज सिंह ने पोद्दार को साफा पहनाकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने जंक्शन की मांग को लेकर एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि झुंझुनू जिले का भौगोलिक, व्यावसायिक एवं सामाजिक महत्व होने के बावजूद आज तक यहां रेलवे जंक्शन की सुविधा नहीं मिल पाई है। इसे लेकर वर्षों से क्षेत्रवासियों में रोष और अपेक्षा दोनों हैं। ऐसे में नगर परिषद क्षेत्र के सभी 60 वार्डों में शीघ्र प्रारंभ होने वाले सदस्यता एवं जनसंपर्क अभियान को देखते हुए पोद्दार का मनोनयन बेहद महत्वपूर्ण है। उनके नेतृत्व में जनभागीदारी को व्यापक स्तर पर जोड़ा जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि आंदोलन को जिला एवं शेखावाटी स्तर पर विस्तार देने के लिए आगामी दिनों में बिसाऊ, पिलानी, चिड़ावा, सूरजगढ़, खेतड़ी, उदयपुरवाटी, गुढ़ा, नवलगढ़, मंडावा, फतेहपुर शेखावाटी एवं बगड़ सहित अन्य कस्बों में भी नगर मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाने की मांग को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाया जा सके। नगर मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने पर रघुनाथ प्रसाद पोद्दार ने कहा कि झुंझुनू जंक्शन केवल सुविधा नहीं बल्कि पूरे शेखावाटी क्षेत्र के विकास का आधार है। वे जन-जन को जोड़कर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से इस मांग को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।

पोद्दार के मनोनयन पर गणेश कुमार हलवाई, नवल खण्डेलिया, प्रदीप हिम्मतरामका चिड़ावा, कैलाशचन्द्र सिंघानिया, पवन कुमार गाडिया, रामगोपाल टीबड़ेवान, पूर्व स्टेशन अधीक्षक अनवर हुसैन, मोहम्मद मोहसिन कुरैशी, सीए जिम्मी मोदी, अमित टीबड़ा, सुभाष मित्तल, अशोक खेतान, श्रवण कुमार गोयनका, अनिल जांगिड़, सुरेन्द्र अग्रवाल, नरोत्तमलाल आर्य, आंचल भगेरिया, डॉ. शशि मोरोलिय, सपना राणासरिया, डॉ. भावना शर्मा, शिवचरण पुरोहित, प्रमोद मोदी, विजेन्द्र सैनी, मनीष बगड़िया, अनिल शर्मा बख्तावरपुरा, फैयाज अहमद खान नूआं, विपिन राणासरिया, आनंद टीबड़ा, विकास गोयनका, नेमी अग्रवाल, राहुल खण्डेलिया, आदित्य नरेश खण्डेलिया, अशोक मोदी, नितिन नारनौली,




भंवरलाल चौधरी, अशोक नीटू केडिया, अनिल अग्रवाल, श्रीकांत गाडिया, महेश जीनगर, प्रशांत जीनगर, मयंक जांगिड़, कमल डालमिया, राकेश बंटी टीबड़ा, दीपक केडिया, विनोद खन्ना सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे झुंझुनू जंक्शन संघर्ष के लिए निर्णायक कदम बताया।

## बाइक-डंफर की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में मेगा हाइवे पर बाइक सवार 40 वर्षीय व्यक्ति को एक डंफर ने टक्कर मार दी। सूचना पर जिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील के ग्राम भोजासर निवासी 40 वर्षीय भवानीसिंह अपनी बाइक पर सवार होकर गांव जा रहा था कि मेगा हाइवे पर गांव लोहा के पास सामने से आ रहे डंफर ने टक्कर मार दीए जिससे भवानीसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## कोबरी-सार



## बसंत महोत्सव का समापन



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** श्रीश्याम नवयुवक मित्र मंडल की ओर से 25वां बसंत महोत्सव का समापन हुआ। जिसमें सोमवार को श्रीश्याम प्रभु की निशान शोभा यात्रा निकाली गई। ये निशान यात्रा शहर की पिलानी रोड स्थित अड़ूकिया स्कूल के पास महाकालेश्वर मंदिर से रवाना हुई। जिसमें हाथों में केसरिया निशान थामे महिला और पुरुष श्रद्धालु नाचते, गाते और झूमते हुए बाबा श्याम का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा में बाबा श्याम, राधा कृष्ण, नंदी पर महाकाल, अघोरी की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। यात्रा शहर की पिलानी रोड, कबूतरखाना, पुरानी तहसील रोड, राजकला कॉम्पलेक्स के पास से होते हुए विवेकानंद चौक पहुंची। जहां बाहर से आए कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इसके बाद यात्रा मुख्य बाजार, धाबाई का टेकड़ा होती हुई पुरानी बस्ती स्थित श्याम मंदिर पहुंची। जहां निशानधारियों ने श्रीश्याम प्रभु के चरणों में 700 से ज्यादा निशान अर्पित किए।

### बसंत रंग में रंगा चिड़ावा

निशान यात्रा के मार्ग को विभिन्न रंगों के गुब्बारों से सजाया गया। वहीं विवेकानंद चौक में चारों तरफरंग बिरंगे कपड़ों से विशेष सजावट की गई। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रीश्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मावठ की बरसात से बदला मौसम



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र में मावठ की बरसात होने से किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई है। क्षेत्र के खेतड़ी, राजोता, गोठड़ा, जसरापुर, मानोता जाटान, लोयल, देवता और ढ़ाणी बाढ़ान सहित आसपास के गांवों में कहीं हल्की तो कहीं तेज बरसात दर्ज की गई। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह बरसात राहत लेकर आई है और खेतों में सूखी पड़ी फसलों को जीवनदान मिला है। मावठ की इस बरसात से रबी फसलों को बड़ा फायदा हुआ है। चनाए गेहूं और सरसों की फसलों में पर्याप्त नमी आने से पौधों की बढ़वार बेहतर होने लगी है और खेतों में फसलों की रौनक लौट आई है। बरसात से पहले हालात यह थे कि खेतों में खड़ी फसलें मुरझाने लगी थीं और किसान गहरी चिंता में थे। क्षेत्र में अनेकों किसानों ने बताया कि सिंचाई की स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण उनकी फसल पूरी तरह बारिश पर ही निर्भर थी। ऐसे किसानों को इस मावठ की बरसात से सबसे अधिक फायदा मिला है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई इस बारिश से उनकी मेहनत रंग लाएगी, फसलों की स्थिति मजबूत होगी और उत्पादन बढ़ने से मुनाफा भी बेहतर रहने की उम्मीद है। किसान राधेश्याम जांगिड़, घडसीराम बीलवा ने बताया कि बारिश नहीं होने से सिंचाई करना मुश्किल हो गया था और फसल खराब होने का डर बना हुआ थाए लेकिन मावठ की बरसात के बाद खेतों में नमी लौट आई है और फसलें खिलखिला उठी हैं। किसानों का कहना है कि यह बारिश उनकी मेहनत के लिए संजीवनी साबित हुई है और यदि आगे भी एक-दो बार इसी तरह की बारिश हो जाती है तो रबी फसलों की पैदावार अच्छी रहने की पूरी संभावना है। बरसात के साथ ही क्षेत्र के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। दिन और रात के तापमान में कमी आने से ठंडक बढ़ी है और मौसम में बदलाव महसूस किया जा रहा है। किसानों का मानना है कि फिलहाल यह ठंड फसलों के लिए लाभकारी है, हालांकि आने वाले दिनों में सर्दी और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। सिंघाना क्षेत्र में भी रूक-रूक कर बरसात हो रही है।

## बापूजी कॉलेज में बसंत पंचमी मनाई



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** श्री बापूजी ग्रुप ऑफएजुकेशन के तत्वावधान में बसंत पंचमी का पर्व सादगी एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज चेयरपर्सन डॉ. ईशा गुर्जर, निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुर्जर एवं प्राचार्य डॉ. गौतम उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद विभागाध्यक्ष डॉ. संजय खटाना ने कहा कि गुरुकुल काल में बसंत पंचमी पर शरीर शोधन की परंपरा रही है, जो ऋतु परिवर्तन के साथ स्वास्थ्य और ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती है। स्पेशल टीचर ट्रेनिंग विभाग के एचओडी डॉ. मुकेश रुंडला ने इस पर्व को ज्ञान, विद्या और सृजनशीलता की प्रेरणा देने वाला बताया। प्राचार्य डॉ. गौतम उपाध्याय ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नर्सिंग एसोसिएट प्रोफेसर हितेश शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन तिवाड़ी, आयुर्वेद विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी, गुलाब गुर्जर, सुनीता जांगिड़, ललिता गुर्जर, संतोष कँवर नेमाराम बैरवाल, करन कुमार सहित समस्त स्टाफएवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कॉलेज में मनाया बसंत पंचमी पर्व




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन श्रीमाधोपुर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धा भाव से माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया। पूजा के दौरान माँ सरस्वती से सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, ज्ञान, बुद्धि और विवेक की कामना की गई। विद्यालय निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, संस्कार और सृजन का पर्व है, जो विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

# बसंत पंचमी व नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर भव्य व प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर ज्ञान, ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। सरस्वती विद्यालय शिक्षण संस्थान में बी.एड. बी.एसी बी.एड. बी.ए. बी.एड. डी फार्मा, आयुर्वेद नर्सिंग, आईटीआई एवं डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था सचिव ओमप्रकाश सैनी, मुख्य अतिथि डॉ. मोहन शर्मा, प्राचार्य डॉ. लोकेश शर्मा, डॉ. पी.के. पांडियां, चंदन सैनी, अधीक्षक विकास सैनी एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मोहन शर्मा ने बसंत पंचमी का आयुर्वेदिक महत्व बताया, वहीं डॉ. पी.के पांडियां ने दोनों पर्वों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मां सरस्वती की स्तुति प्रस्तुत की। स्टाफ सदस्य डॉ. गायत्री पांडियां ने सरस्वती मंत्रोच्चार किया। डी फार्मा प्राचार्य चंदन सैनी ने नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा नृत्य व गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का मंच संचालन सुमन जांगिड़ ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लोकेश शर्मा ने किया। इसी क्रम में आदर्श विद्या निकेतन संस्थान, सरदारशहर के शक्ति सरस्वती शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में भी बसंत पंचमी व पराक्रम दिवस पर संयुक्त कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्ष मनोज सैनी ने बसंत ऋतु को नवउल्लास व ऊर्जा का प्रतीक बताया और नेताजी के संदेशों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। सचिव रोहित सैनी ने लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा दीए जबकि प्राचार्य डॉ. संपत बोहरा ने ज्ञान को कर्म में ढ़ालने पर बल दिया। कार्यक्रम में देवी सरस्वती की वंदना, कविता पाठ व विचार प्रस्तुत किए गए। संचालन ममता पारीक ने किया। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में ज्ञानार्जन, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

## नामदेव समाज ने मनाया बसंत महोत्सव



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** नामदेव समाज बंधुओं ने बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया। यह आयोजन अरड़ावतिया कॉलोनी स्थित नामदेव मंदिर में हुआ। आयोजन में भगवान नामदेव का विशेष पूजन किया गया। समाज बंधुओं ने सुख-शांति और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर ओमप्रकाश टेलर अड़ूका, मानसिंह टेलर, ब्रह्मानंद रोहिल्ला, सुनील कुमार रोहिल्ला, राजपाल कश्यप, नरेंद्र गिरधर, छाजूराम, कैलाश, जगदीश प्रसाद लखमरा, श्याम सुंदर छिप्पी, प्रकाश छिप्पी, पवन लखमारा, विनोद गिरधर, सुरेश कटोरा, राजेंद्र गिरधर, महेंद्र छिप्पी, सुधीर काक, सतीश टेलर, बनारसी नामची, रघुवीर गिरधर, छत्रनंद छिप्पी, ओमप्रकाश कटोरा, सुभाष, राजेश, मोहनलाल, विनोद, जनार्दन टेलर, गोविंद, प्रमोद, अजय, वेद प्रकाश माली, राम, सुरेंद्र, भारत, राजू, पुनीत, रामचंद्र, अंबिका, उर्मिला, मंजू, शांति देवी, राजबाला, मंजू बाला और सावित्री सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## गायत्री यज्ञ में की विश्व शांति की कामना



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** गायत्री शक्ति पीठ चिडावा में बसंत पंचमी पर्व एवं मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर पांच कुण्डीय महायज्ञ का संचालन आचार्य चन्द्र पाल सिंह तथा राजीव व्यास ने किया। मुख्य यजमान मनोहर लाल जलिंद्रा, गौतमलाल शर्मा, चम्पालाल जांगिड़, संदीप कुमार सैनी, राजेन्द्र कुमार सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, रणजीत सैन, मनोज गोदारा, मनोहर लाल कुमावत, विद्याधर सोनी ने सपत्निक यज्ञ में आहुतियां दीं। इसके अलावा सत्यनारायण सैनी, रामनिवास सैनी, सत्यनारायण भार्गव, सांवरमल टेलर, चैन सिंह शेखावत आदि ने विश्व कल्याण, सुख समृद्धि एवं शांति के लिए गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, सूर्य गायत्री मंत्र का जाप किया एवं यज्ञ में आहुतियां दी।

### सड़क को लेकर की भाजपा नेता ने शिकायत

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा के पूर्व मंडल मंत्री राजकुमार तंवर ने एडीएम को ज्ञापन प्रेषित कर वार्ड नं. पांच में निर्मित सडक की शिकायत की है। राजकुमार तंवर ने शिकायत में बताया कि वार्ड नं. पांच में विधायक कोटे से लालचंद माली के घर से कालूराम जांगिड़ के घर तक सीसी रोड़ स्वीकृत हुई थी। जिसका निर्माण ठेकेदार ने जेईएन से सांठ गांठ कर अपनी मनमर्जी कालूराम के घर से शुरू कर ईशरजी खाती के घर तक बनाई है तथा शेष सडक का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है।

## राज्य स्तरीय निपुण मेले व मेघा पीटीएम का लाइव प्रसारण दिखाया

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा के प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में बसन्त पंचमी पर्व मनाया गया एवं कामर्स कॉलेज, जयपुर में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित षिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का ऑनलाईन लाइव प्रसारण छात्रो को दिखाया गया। मंच संचालन करते हुए डॉ. मुकेष षर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की षुरूआत माँ सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण करके एवं राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम् के गान के साथ की गई जिसमें छात्रो को राज्य स्तरीय निपुण मेले का लाइव प्रसारण दिखाया गया व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयन्ती मनाई गई।

जिसमें महाविद्यालय के राजनीती षास्त्र के सहायक आचार्य श्री मदन गोपाल ने सुभाष चन्द्र बोस के जीवन एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके अहम योगदान के बारे में बताया। महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वाधान में जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता सहायक आचार्य सुभाष बिश्नोई ने छात्रों को जीरो बजट नेचुरल फर्मिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. रामकिसन चौधरी, डॉ. सुमन कविया, सुमित्रा देवल, दीपा भाटी, महेष गोदारा, नरेन्द्र बैरवा, महेन्द्र सिंह व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## बैठक : हिन्दू सम्मेलन की तैयारी शुरू

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बसई में हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्व समाज की बैठक में सम्मेलन को लेकर कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी राकेश अवाना ने की। कार्यक्रम को भव्य, अनुशासित और सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करेगा तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करेगा। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से बसई मंडल की आयोजन समिति का गठन किया गया। इस दौरान राकेश अवाना टीबा, श्याम सुंदर बसई, अजीत सिंह बसई, सरजीत, यशवीर किशनपुरा, रोहित कुमार, भवानी सिंह, लोकेश, जितेंद्र शर्मा, विशाल, करण सिंह, विजय सिंह, सांवतराम, अशोक, सुभाष, प्रदीप, बलवीर, लीलाराम, मुकेश शर्मा, मानसिंह सहित अनेक कार्यकारी सदस्य बनाए गए, जो आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे प्रचार-प्रसार, स्वागत, मंच व्यवस्था, यज्ञ आयोजन, सुरक्षा एवं अनुशासन की जिम्मेदारी संभालेंगे। बैठक में सदस्यों ने बताया कि 1 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम में श्रीराम समरसता यज्ञ के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा, वहीं हिंदू गौरव सम्मान समारोह में समाज के विशिष्ट व्यक्तियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान तेज किया जाएगा तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

राकेश अवाना ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सर्व समाज के सहयोग से यह आयोजन निश्चित रूप से सफल होगा और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बनेगा। बैठक में नगर व आसपास के क्षेत्रों से सर्व समाज के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवाओं ने भाग लिया।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं बसंत पंचमी मनाई



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी विकास समिति द्वारा संचालित एमकेएम महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं बसंत पंचमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सैनी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पर अपने वक्तव्य में कहा जयंती पर युवाओं को यह सीखना चाहिए, कि संसाधनों की कमी के बावजूदए अगर इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो किसी भी बड़ी चुनौती का सामना किया जा सकता है। जयंती का मुख्य उद्देश्य वर्तमान पीढ़ी में नागरिक कर्तव्यों और देशभक्ति की भावना को जगाना, ताकि वे व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर देश के विकास में योगदान देना है। बसंत पंचमी का का भी अपना महत्व एवं उद्देश्य है कि इस अवसर पर अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाना। इस दिन छात्र, कलाकार, लेखक और संगीतकार अपनी कलम, वाद्य यंत्रों और पुस्तकों की पूजा करते हैं, ताकि उनके जीवन में बुद्धि और विवेक का संचार हो। कार्यक्रम में प्रोफेसर शिशराम आल्हा, रविंद्र आल्हा, महेंद्र सिंह,सुनील कुमार, धुलेश मीणा, कैलाश चंद्र, मंजू शेखावत,अनिता जांगिड़, अनिता देवी, प्रियंका सक्सेना, ओम प्रकाश, मदन सैनी, मामचंद, महेश सैन आदि स्टाफ सदस्यों के साथ महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## युवाओं को लेनी चाहिए बोस के जीवन से संकट प्रबंधन की प्रेरणा : गर्ग

निसं



**बीकानेर ( नवयत्न )।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग द्वारा आयोजित बसंतोत्सव और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अखिल रंजन गर्ग ने मंच से कहा कि जरूरत है आज के युवा बोस के जीवन से संकट प्रबंधन के गुर सीखें कि कैसे विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने आजाद भारत का ना सिर्फ सपना देखा बल्कि स्वतंत्रता प्राप्त के लिए अपनी एक फौज तक खड़ी कर ली। इससे पहले स्वागत उद्बोधन में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ मेघना शर्मा ने आयोजन का विषय प्रवर्तन करते हुए बसंती रंग को प्रकाश, पवित्रता, ऊर्जा और विवेक का प्रतीक बताया व कहा कि आधुनिक भारत में आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न बोस ने देखा था जिसकी बात आज सरकारें करती हैं। अध्यक्षीय वक्तव्य में कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली के उस वक्तव्य पर चर्चा की जिसमें उन्होंने भारत को स्वतंत्रता आजाद हिन्द फौज के कारण देने की बात स्वीकारी। उन्होंने सुभाष के गांधी को लिखे पत्रों का उल्लेख करते हुए बताया कि सुभाष के लिए आजादी का अर्थ त्याग और बलिदान थे किन्तु वे आंतरिक विरोधों और षडयंत्रों का शिकार बने। सवाल खड़ा होता है कि क्या इतिहास ने नेताजी के साथ न्याय किया ? कुलगुरु ने निकट भविष्य में नेताजी के नाम पर परिसर में उद्यान स्थापित करने की भी घोषणा की। आयोजन में पंडित राजेंद्र जोशी व टीम द्वारा संगीतमयी प्रस्तुति के दौरान तबले व सितार पर आजाद हिन्द द्वारा गया प्रथम राष्ट्रगान भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व अतिथियों का धन्यवाद सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ प्रभुदान चारण द्वारा किया गया। मंचस्थ में वित्त नियंत्रक देवेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित थे। आयोजन में प्रो. राजाराम चोयल, डॉ ज्योति लखानी, डॉ अनिल कुमार दुलार, डॉ गौतम मेघवंशी, डॉ धर्मेश हरवानी, डॉ लीला कौर, डॉ अभिषेक वशिष्ठ, कमलकांत शर्मा के अलावा अतिथि शिक्षक व विद्यार्थी शामिल हुए।

## कुमावत जिला महामंत्री नियुक्त



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा निवासी धुकलराम कुमावत राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के झुंझुनू जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। धुकलराम कुमावत को यह जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आरसी कुमावत, संरक्षक भेरूलाल प्रजापति के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री राजकुमार लोरवाडिया ने नियुक्त किया है। धुकलराम कुमावत को जिला महामंत्री बनाए जाने समाज सेवी बबलू अवाना, नासिर हुसैन, सुशील बंसल, प्रदीप बिंदल, अभिषेक जांगिड़, भंवर अली, खालीद, रामवतार मरोडिया आदि ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्रीराम कॉलेज में बोस की जयंती व बसंत पंचमी पर्व मनाया




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रीराम कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में एवं बसंत पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ सुदर्शन सैनी ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा भारत सीकर के जिला खेल अधिकारी मोहित कुमार ने युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के विभिन्न गतिविधियों के बारे में इस आयोजन पर सभी को जानकारी प्रदान की एवं सभी युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक किया। मोहित कुमार ने युवाओं को नशे व गलत आदतों से दूर रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने ने बताया कि किस प्रकार खेलों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। इस अवसर पर ग्रामीण परिवेश से जुड़े युवाओं के लिए यूथ क्लब का गठन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय जिला सीकर प्रभारी मोहित कुमार द्वारा टीशर्ट वितरित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक दामोदर कटारिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं कार्यक्रम समापन पर सभी को मिठाई वितरित की एवं बसंत पंचमी की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर महाविद्यालय व्याख्याता दीपेश सांखला, सुरेश सैनी, अशोक सामोता, विनोद वर्मा, दीपिका सैनी, जय नारायण सैनी, योगेश कुमार, गीता देवी आदि उपस्थित रहे।

## धरने पर भाजपा पार्षदों ने शुरू किया क्रमिक अनशन

निसं




19 वें दिन पार्षद प्रतिनिधि प्रेम स्वामी एवं गणेश

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद के कनिष्ठ अभियंता को एपीओ या स्थानान्तरण करने की मांग को लेकर नगरपरिषद कार्यालय के सामने भाजपा पार्षद रेवंत मल पंवार की भूख हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही। शुक्रवार को धरने के मंडावरिया भी क्रमिक अनशन पर रहे। धरने पर पार्षद हरिओम खोड़, पन्नालाल सोनी, प्रेम स्वामी, नरेन्द्र प्रजापत, राकेश तंवर, लीलाधर खंडेलवाल, रविन्द्र पांडे, बसंत दाधीच, राजकुमार बागड़ा, प्रदेश वाल्मीकि, राजू तेजी, हीरालाल तेजी, रामस्वरूप बारवासा, नोरतन तेजी, राजकुमार तंवर आदि मौजूद रहे।

## प्राचार्य ने बताया मतदान का महत्व



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय एमबीएम राजकीय कन्या महाविद्यालय में पीटीएम निपुण मेला का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान ईएलसी द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में माई इंडिया माई वोट के तहत रंगोली एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. प्रेम बाफना ने मतदान का महत्व बताया। इस दौरान स्टाफसदस्य एवं छात्रायें मौजूद रही।

## रजिस्ट्रेशन कक्ष का हुआ लोकार्पण



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन चार समिति, श्रीमाधोपुर द्वारा निर्मित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, श्रीमाधोपुर में रजिस्ट्रेशन कक्ष का लोकार्पण झाबर सिंह खर्रा यूडीएच मंत्री राजस्थान सरकार के कर कमलों से किया गया। रजिस्ट्रेशन कक्ष के निर्माण में आर्थिक सहयोग समिति अध्यक्ष डॉ माधवसिंह भामू (नाथूराम दड़की देवी चैरिटेबल ट्रस्ट) एवं डॉ मुकेश ब्लडवाल समिति उपाध्यक्ष, इंजी. प्रदीप धायल समिति सचिव (एसबीएन ग्रुप ऑफएजूकेशन श्रीमाधोपुर) द्वारा किया गया। खर्रा ने कहा कि संस्था द्वारा किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण व समाज हित संबंधित कार्य जैसे सड़क डिवाइडर पथ, पौधरोपण, पेयजल टंकियां रखवाना, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में बेरिकेडिंग की व्यवस्था करना, जरूरतमंदों को कपड़े व कंबल वितरित, सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान आदि सराहनीय हैं। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ कमल कुमार यादव, डॉ सुरेश कुमार वर्मा, डॉ अशोक यादव, डॉ मुकेश कानूनगो, समिति सचिव प्रदीप धायल, सीताराम सैनी, एडवोकेट राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, प्रधानाचार्य रामजी लाल शर्मा, लेखक ताराचंद चीता, राजू बागवान, डॉ मुकेश बल्डवाल, शिवकुमार वर्मा, लालचंद सैनी, शीशराम बिजारणियां, नारायण सैनी समस्त सीएचसी स्टाफ सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## बोस को अर्पित की श्रद्धांजलि



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने स्थित सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में कॉमरेड जगदीश नाथ, मदनलाल बटेसर, नंदकिशोर कुमार, हीरालाल बुगालिया, तेजाराम मेघवाल, कमल बागड़ी, लालचंद प्रजापत, दिनेश स्वामी, प्रकाश बटेसर, डॉक्टर के सी विश्वास, प्रेम माली, कन्हैयालाल जाट, आरिफअली आदि मौजूद रहे।

## पेंशनर समाज की बैठक आयोजित




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पेंशनर समाज शाखा की स्थानीय शाखा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पांच पेंशनरों का जन्म दिवस मनाया गया। कर्मचारी कल्याण केंद्र में हुई बैठक में पेंशनर विद्याधर पारीक, राम चंद्र जाट, विमल कुमार शर्मा, हुकमी चंद भोजक, विनोद कुमार सोनी जन्मदिन मनाया। बैठक में अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़ा, मंत्री सुरजराम डाबरिया, बजरंग लालनाई, श्यामसुंदर माली, ओंकारा राम, श्रवण कुमार सोनी, नरेंद्र भाटी, आनंदी लाल सोनी, रंजीत कुमार नाई, हाकम अली खां, दिने खा कायमखानी, सुखलाल सोनी, श्रवण कुमार स्वामी उपस्थित रहे। दिने खां कायमखानी के उमरा कर आने पर सभी ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## कठपुतली नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव आबसर स्थित राजकीय उच्च मा विद्यालय में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली का प्रदर्शन किया गया। साक्षरता ब्लॉक समन्वयक दुर्गा शर्मा ने बताया कि कलाकार सुरेन्द्र भाट द्वारा कठपुतली का प्रदर्शन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकथाम, साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, भ्रुण हत्या रोकने का संदेश दिया गया। पीईईओ विक्रम डोकवाल के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में अनेक ग्राम वासी मौजूद रहे।

# ज्ञापन : उप-तहसील सिंघाना को तहसील बनाने की मांग

निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** उप-तहसील सिंघाना को तहसील में क्रमोन्नत किए जाने की मांग को लेकर सामाजिक सरोकार एवं जनकल्याण में अग्रणी सहयोग एक पहल संस्थान की ओर से शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन संस्थान के अध्यक्ष डीपी सैनी के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार देवीदयाल गुप्ता को बुहाना में दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि उप-तहसील सिंघाना का गठन वर्ष 2013 में हुआ था।

उसी समय गठित गुढ़ागौड़जी और मण्डावा उप-तहसीलों के साथ-साथ बाद में बनी बिसाऊ और पिलानी उप-तहसीलें अब तहसील में क्रमोन्नत हो चुकी हैं जबकि सिंघाना आज भी उप-तहसील के रूप में ही संचालित है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सिंघाना क्षेत्र तहसील मुख्यालय बुहाना से लगभग 35-40 किलोमीटर दूर स्थित है, जिससे आमजन और किसानों को राजस्व से जुड़े कार्यों के लिए बार-बार लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे समय और संसाधनों की अनावश्यक हानि हो रही है। संस्थान महासचिव अजीत जांगिड़ ने बताया कि सिंघाना पूर्व में ग्राम पंचायत था, जो अब नगर पालिका के रूप में विकसित हो चुका है। आसपास के राजस्व गांवों का प्रमुख बाजार सिंघाना ही है और यहां परिवहन की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। ऐसे में यदि सिंघाना को तहसील का दर्जा दिया जाता है तो क्षेत्रवासियों को अपने राजस्व कार्यों के निस्तारण में बड़ी राहत मिलेगी। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि आगामी बजट सत्र 2026-27 में उप-तहसील सिंघाना को तहसील में क्रमोन्नत करने की घोषणा की जाए ताकि क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो सके और आमजन को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं मिल सकें। इस कार्यक्रम



में सहयोग एक पहल संस्थान अध्यक्ष डीपी सैनी, महासचिव अजीत जांगिड़, संगठन महामंत्री इकबाल खान, संरक्षक विक्रम सिंह, सचिव कपिल सैनी, सहसचिव अशोक सैनी, मीडिया प्रभारी रणजीत सैनी, प्रचार मंत्री राजू गराटी, सदस्य नवीन प्रजापति, अरविंद, प्रदीप, विशाल भोदन, सुनील कुमार, आकाश, कन्हैयालाल, जतिन प्रजापति, अमन आदि संस्थान के सदस्य शामिल रहे।

# भामाशाह के सहयोग से मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** श्री खाखी बाबा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाडा फतेहपुरा में शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर भामाशाह के सहयोग से मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की गई। मूर्ति व मंदिर की स्थापना डाडा फतेहपुरा निवासी भामाशाह गिरवर प्रसाद सैन पुत्र हनुमान प्रसाद सैन द्वारा विद्यालय प्रांगण में करवाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य बालकृष्ण जांगिड़ ने की। इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय स्टाफ, ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने आहुति दी। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य बालकृष्ण जांगिड़ ने संबोधन में कहा कि सरकारी विद्यालयों का



सर्वांगीण विकास भामाशाहों के सहयोग से ही संभव है। भामाशाह गिरवर प्रसाद सैन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिया गया योगदान सराहनीय है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी भामाशाह द्वारा विद्यालय में मंच निर्माण करवाया गया था, जिससे विद्यालय को लाभ मिला। भामाशाह गिरवर प्रसाद सैन ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की आधारशिला है। विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण और संस्कार देने के उद्देश्य से उन्होंने यह सहयोग किया है। भविष्य में भी विद्यालय एवं शिक्षा के उत्थान के लिए सहयोग जारी रहेगा। हवन में मोहन सिंह मास्टर, सुरेश स्वामी, महावीर सेन, घनश्याम सैन, गौतम सैन, रणजीत सैन, आनंद सैन, प्रेम सैन, प्रमोद सैन, सत्यनारायण सैन, रोहिताश सैन, देशराज सिंह, गंगासिंह सुबेदार, जगदीश बागड़ी, लीलाधर जांगिड़, गिरधारी लाल सहित अनेक लोगों ने आहुति दी। इस मौके पर कपूरचंद मीणा, भूप सिंह, मुकेश, विक्रम सिंह, सुमन यादव, मंजू मीणा, उर्मिला, सावित्री, चंचल शर्मा, अशोक कुमार, अनिल शर्मा, यशोदा सहित विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया बसंत पंचमी का पर्व

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नया बास स्थित दयानंद विद्या विहार स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी पीले परिधानों में अत्यंत सुंदर, मनमोहक एवं आकर्षक लग रहे थे, जिससे पूरा विद्यालय बसंती रंग में रंगा हुआ प्रतीत हो रहा था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा बसंत पंचमी का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बसंत पंचमी के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पर्व ज्ञान, विद्या एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है और विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन के प्रति प्रेरित करता है। समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।

## नेताजी सुभाष बोस की जयंती धूमधाम से मनाई



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय सुभाष बोस उच्च माध्यमिक स्कूल के तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर शहर में भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई समापन हुई। रैली में छात्र-छात्राओं ने नेताजी के आदर्शों, देशभक्ति और राष्ट्रसेवा से जुड़े नारों के माध्यम से आमजन को प्रेरित किया। रैली के पश्चात विद्यालय परिसर में जयंती समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान बीएल मील ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने नेताजी के जीवन, उनके संघर्ष, त्याग और आजादी की लड़ाई में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी, कालूराम गेनाना, पूर्व विधायक रूपाराम मुरावतीया, संस्था प्रधान भंवरलाल मील, निदेशक रामगोपाल मील, बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट सरफराज खान, कप्तान सरदार सिंह, डॉ कमल सिंह बेद सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## श्रमिकों को मौसम परिवर्तन में सुरक्षित रहने के उपाय बताए



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना द्वारा संचालित सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत सीवरेज परियोजना के एस.टी.पी. प्रथम स्थल पर श्रमिकों के लिए विस्तृत सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम अधीक्षण अभियंता नेमीचंद पंवार एवं अधिशासी अभियंता ओम प्रकाश साहू के निर्देशन तथा सहायक अभियंता रियाज अहमद के तकनीकी मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। रूडिप टीम के असलम खान ने बताया की निर्माण कार्य में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी श्रमिकों से आग्रह किया की कार्य स्थल पर सुरक्षा हेलमेट, सेफ्टी शूज, रिफ्लेक्टिव जैकेट, ग्लव्स आदि का नियमित उपयोग करें। किसी भी प्रकार का असुरक्षित कार्य शॉर्टकट या जोखिमपूर्ण गतिविधि न करें। खुद तथा टीम के अन्य सदस्यों की सुरक्षा पर बराबर ध्यान दें। कार्य स्थल को स्वच्छ रखें ताकि मौसमी बीमारियों एवं संक्रमण के खतरे से बचा जा सके।

# लोकल फॉर वोकल के राष्ट्रीय संकल्प को साकार कर रहा आरसीडीएफ : कुमावत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन और इससे जुड़े जिला दुग्ध संघ इन दिनों लोकल फॉर लोकल के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में गम्भीरता से जुटे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन आपणों अग्रणी राजस्थान के तहत राज्यभर के सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय परिसरों, शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों में सरस के आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। जयपुर में जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस पार्लर, सचिवालय और आरटीडीसी के नाहरगढ़ स्थित पड़ाव रेस्टोरेंट पर सफल प्रयोग के बाद आरसीडीएफ इस योजना के विस्तार पर गम्भीरता से काम कर रहा है। इन स्थानों पर



प्रतिदिन बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तायुक्त सरस दूध एवं दूध से बने उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि आरसीडीएफ की इस पहल से एक ओर जहा स्थानीय उत्पादों के उपभोग को प्रोत्साहन मिलेगा । वहीं दूसरी ओर दुग्ध सहकारिता से जुड़े पशुपालकों को स्थाई बाजार मिलेगा जो कि उनकी आर्थिक स्थिति और आत्मनिर्भर राजस्थान की दिशा एक बड़ा कदम है। साथ हीए शहरी क्षेत्रों में उचित दामों पर गुणवत्तायुक्त डेयरी उत्पादों की सुलभता बढ़ने से उपभोक्ताओं का विश्वास भी बढ़ेगा। इस योजना के अन्तर्गत अभी तक जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस पार्लर, सचिवालय और जयपुर के नाहरगढ़ स्थित पड़ाव रेस्टोरेंट में सरस पार्लर खोले जा चुके हैं और सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। इससे सरस उत्पादों की पहुंच सभी वर्गों तक सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने बताया कि आरसीडीएफ ने राजस्थान के मुख्य सरकारी अस्पताल एसएमएस और राजस्थान पथ परिवहन निगम के साथ एमओयू किया है। इस एमओयू के अन्तर्गत अस्पताल परिसर में सरस प्लाजा खोला जायेगा जहां मरीजों, उनके परिजनों, चिकित्सा कर्मियों और हॉस्पिटल स्टाफ को पौष्टिक एवं सुरक्षित दुग्ध उत्पादों के साथ-साथ खाने-पीने का अन्य आवश्यक सामान भी उपलब्ध होगा। इसी प्रकार राज्य के प्रमुख बस स्टैंड और परिवहन केन्द्रों पर भी सरस आउटलेटस खोले जाएंगे जहां यात्रियों को दूध एवं दूध से बने ताजा उत्पाद आसानी से वाजिब कीमत पर उपलब्ध होंगे। आरसीडीएफ राज्यभर की निजी एवं सरकारी यूनिवर्सिटीज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से भी एमओयू करेगा ताकि छात्रों को उनके कैम्पस के अन्दर ही स्वास्थ्यवर्धक डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराए जा सकें।

## शिक्षा से सुधरता है तीन पीढ़ियों का भविष्य : धर्म सिंह



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव मलसीसर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें दो से अधिक अभिभावकों ने अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति जानी। इस दौरान प्रधानाचार्य धर्म सिंह मीना ने अभिभावकों को छात्रों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी तथा अभिभावकों से विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सुझाव लिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्या या शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे हम तीन पीढियों का भविष्य सुधार सकते हैं। इस अवसर पर रूघाराम नेहरा, रोहित किलका, आरिफ हसन, सुशीला मीना, गोगा ढ़ाका, विमला, सांवरमल प्रजापत सहित अनेक अभिभावक मौजूद रहे।

## पेयजल संकट को लेकर यूडीएच मंत्री खर्रा को सौंपा ज्ञापन

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** ग्राम महरोली में शुक्रवार को आयोजित सड़क शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ग्रामीणों ने वार्ड पंच शंकर सिंह फौजी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर अवैध जल कनेक्शन हटाने तथा पूरे गांव में समान जलापूर्ति व्यवस्था लागू करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2023 में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाई गई लेकिन अब तक अधिकांश ढाणियों को नियमित जल कनेक्शन नहीं मिल पाए हैं। इसके विपरीत महरोली गांव की जलापूर्ति टंकी से लगभग तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत छिलावाली की ढाणी नालवाली में केवल दो घरों तक जबरन पानी पहुंचाया गया, जिससे गांव की अन्य ढाणियों में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया। इस मुद्दे को लेकर 22 जनवरी को आयोजित ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर अवैध कनेक्शन हटाने और



जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की गई थी।

उसी प्रस्ताव की प्रति ग्रामीणों ने मंत्री खर्रा को सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की, जिस पर मंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए मौके पर रींगस थाना पुलिस का भारी जाब्ता तैनात रहा। थाना प्रभारी सुरेश चौधरी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान राजेंद्र सिंह, रामकिशोर देवदा, झाबरमल जाट, जितेंद्र पारीक, राजेंद्र पारीक, मंगलचंद शर्मा, हरलाल सैनी, अमितपाल सिंह, नंद सिंह, उदय सिंह, श्रीराम जाट, विनोद वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मूर्ति स्थापना से पूर्व नगर भ्रमण, कलश यात्रा निकाली

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में मंडावा रोड पर पावर हाउस के सामने स्थित बड़वाले बालाजी मंदिर परिसर में संत गणेशयति महाराज की 10 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मूर्ति स्थापना से पूर्व शुक्रवार को नगर भ्रमण के साथ शोभायात्रा निकाली गई। महंत बासुदेव यति के सानिध्य में संत गणेश यति महाराज की मूर्ति का नगर भ्रमण के साथ शोभायात्रा निकाली गई। महिलाओं की ओर



विशाल कलश यात्रा निकाली गई। बड़ का बालाजी से शुरू हुई कलश यात्रा में महिलाओ की ओर सिर पर कलश धारण कर कस्बे के मुख्य रास्ते होते हुए गोपीनाथ मंदिरए बावलिया बाबा मंदिर एवं विश्वकर्मा मंदिर होते हुए मंदिर होते मंदिर पहुँची। कस्बे की ओर से कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । यज्ञ हुआ जिसमें पंडित संपत शर्मा के आचार्यत्व मे रामरतन चेजारा सपत्निक आहुति दी गई। इस अवसर पर समाजसेवी गिरधारी लाल इंदौरिया, मीणा समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप मीणा, पार्षद राजकुमार चेजारा, पार्षद प्रतिनिधि प्रेम गुर्जर, आनंद चेजारा, सीताराम चेजारा, सुरेश चेजारा, राधेश्याम चेजारा, परमेश्वर चेजारा, कैलाश चेजारा, मंगलचंद चेजारा, संदीप, नरेश, विक्रम, विनोद गुर्जर, रामरतन गुर्जर, राजेश, रवि, अशोक गुर्जर, गुमान गुर्जर सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। संत गणेश यति नागा बाबा की पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थापना आज की जाएगी। महंत बासु देव यति महाराज के सानिध्य में पंडित संपत शर्मा के आचार्यत्व मे मूर्ति स्थापना की जायेगी। समाधि पूजन, महाराज, कन्या भोजन, महा आरती, भंडारे का आयोजन होगा।

## अध्यापक ने किए जरूरतमंद विद्यार्थियों को जूते वितरित

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मांदरी की राउमावि में बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को स्कूल के बच्चों के जूते वितरण किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी एवं शिक्षाविद् शेर सिंह कृष्णिया थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने की। अशोक कुमार ने बताया कि ने स्कूल के अध्यापक लोकेश कुमार शर्मा ने



सर्दी के मौसम को देखते हुए विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों स्कूल के सभी बच्चों को जूते वितरित किए। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर शिवदान सिंह, धर्मपाल बागड़ी, अमर सिंह सहित स्कूल स्टॉफ एवं बच्चे मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# बैर बढ़ाता बांग्लादेश



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम भारत न भेजने का फैसला कर खुद को न केवल टी-20 विश्व कप से बाहर होने की कगार पर खड़ा कर लिया, बल्कि भारत के प्रति अपने अंधविरोध को भी प्रकट कर दिया। अपनी टीम को भारत न भेजने का फैसला जिस तरह वहां की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार ने सुनाया, उससे यही स्पष्ट होता है कि सरकार ने ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को इसके लिए विवश किया कि वह खेल भावना का परिचय देने के स्थान पर भारत विरोधी भावनाएं भड़काने वाले काम करे।

अब इसमें भी कोई संदेह नहीं रह जाता कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की कमान संभाले मोहम्मद यूनुस और उनके सहयोगी यही चाह रहे हैं कि चुनाव के मौके पर बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल बना रहे। इससे यही संकेत मिलता है कि यदि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में शामिल तत्व चुनाव बाद बनने वाली सरकार में आए तो वे भारत विरोध की राह पर चलते रहेंगे।

इससे भारत की चुनौती बढ़ सकती है। अभी भी चुनौतियां कम नहीं हैं, क्योंकि वहां न केवल भारत विरोधी भावनाओं को भड़काने का काम जारी है, बल्कि हिंदुओं की हत्याओं का सिलसिला भी कायम है। यह भी साफ ही है कि इन हत्याओं पर बांग्लादेश सरकार तनिक भी संवेदनशील नहीं। बांग्लादेश ने भारत में अपनी टीम न भेजने का फैसला इस बहाने लिया कि आइपीएल की टीम केकेआर ने उसके क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज कर दिया। अच्छा होता कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इसकी नौबत नहीं आने देता और आइपीएल की नीलामी में बांग्लादेशी क्रिकेटरों को शामिल ही नहीं करता। मुस्तफिजुर को केकेआर से अलग करने के फैसले को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत विरोध का जरिया बना लिया।

इसमें वहां की सरकार भी शामिल हो गई और वह भी तब जब उसके क्रिकेटर टी-20 विश्व कप में शामिल होने के इच्छुक थे। दुर्भाग्य से ऐसी इच्छा प्रकट करने वालों को भारत का एजेंट कहकर लांछित किया गया और यह भुला दिया गया कि यदि उसकी टीम टी-20 विश्व कप में हिस्सा नहीं लेती तो इसके दुष्परिणाम उसके क्रिकेटरों को ही भोगने पड़ेंगे। वे अंतराष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धी माहौल के साथ आर्थिक लाभ से भी वंचित होंगे।

आर्थिक हानि उसके क्रिकेट बोर्ड को भी उठानी पड़ेगी। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बहकावे में आ गया। पाकिस्तान ने बांग्लादेश को इसके लिए खूब उकसाया कि वह भारत में खेलने से मना करे। अच्छा हो कि बांग्लादेश को यह समझ आ जाए कि यदि वह अपनी टीम भारत न भेजने के फैसले पर अड़ा रहा तो आइसीसी के पास उसकी जगह स्काटलैंड को शामिल करने के अलावा और कोई उपाय नहीं रहेगा।

## विशेष आलेख

# दुनिया के लिए प्रेरक बनता भारत का चुनावी तंत्र



स्वाधीनता के बाद जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था को हमने अपनाया, वह हमारी अपनी नहीं, पश्चिम से आयातित है। दिलचस्प है कि आज यही व्यवस्था दुनियाभर में शासन की बेहतर प्रणाली के रूप में स्वीकार्य है। इसकी बुनियाद में इंग्लैंड की सन् 1215 में हुई मैग्नाकार्टा की संधि है। आज का लोकतंत्र इसी संधि से निकले कानूनों और परंपराओं से विकसित हुआ है। जबकि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल में भारतीय दिलों की पारंपरिक लोकतांत्रिक सोच है। दुर्भाग्य से भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की महत्ता को दुनिया हाल तक स्वीकार करने से हिचकती रही है। ऐसे माहौल में अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक एवं चुनावी सहायता संस्थान की अगुआई भारत को मिलना मामूली बात नहीं है। अंग्रेजी में इस संस्थान को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेटिक एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस यानी आईडीईए के नाम से जाना जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि भारतीय लोकतंत्र की अहमियत वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य हो रही है।

वैश्विक लोकतांत्रिक परिदृश्य के लिहाज से भारत को मिली अगुआई ऐतिहासिक है। 1995 में 14 देशों द्वारा स्थापित इस संगठन के सदस्य देशों की संख्या अब 37 हो चुकी है। संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान स्थायी पर्यवेक्षक के तौर पर इस संगठन में शामिल हो चुके हैं। करीब आठ अरब जनसंख्या वाली दुनिया के करीब दो अरब बीस करोड़ पंजीकृत मतदाता इसी संगठन के सदस्य देशों के पास हैं। जिसमें भारत की हिस्सेदारी 99 करोड़ 10 लाख से ज्यादा है। आंकड़ों से साफ है कि सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत है। इस लिहाज से देखें तो भारत की अध्यक्षता उसके लिए औपचारिक दायित्व से कहीं ज्यादा वैचारिक नेतृत्व का अवसर हो सकती है। इस संगठन में सदस्य देशों के चुनाव आयोग या चुनाव कराने वाली संस्थाएं ही शामिल होती हैं, लिहाजा भारतीय चुनाव आयोग इस संस्था का सदस्य है। जाहिर है कि इसी नाते अध्यक्षता भी आयोग के ही पास है।

जिस वक्त घरेलू मोर्चे पर भारतीय चुनाव प्रणाली और मशीनरी सवालों के घेरे में है, उसी वक्त भारतीय चुनाव आयोग को इस प्रतिष्ठित संस्था की अगुआई मिली है। घरेलू मोर्चे पर विपक्षी दलों की ओर से चुनाव आयोग पर कभी वोट चोरी का आरोप लगाया जाता है तो कभी नकारा बताया जाता है। ऐसे वातावरण में चुनाव आयोग को आईडीईए की अध्यक्षता मिलना सामान्य बात नहीं, बल्कि भारतीय चुनाव प्रणाली की वैश्विक स्वीकृति और प्रतिष्ठा का प्रतीक है। दुनिया अब तक लोकतंत्र को पश्चिमी मॉडल के चश्मे से ही देखती रही है। जबकि इसके मूल में लोकतांत्रिक आत्मा नहीं, बाजार केंद्रित राजनीतिक ढांचा है, जहां व्यक्ति की बजाय संस्थाओं की स्वाधीनता और संसदीय परंपराओं पर जोर है। संचार और सूचना क्रांति एवं आर्थिक बदलावों के चलते आज का मतदाता बेहद जागरूक हो चला है। वह अपनी निजी राय की अहमियत की भी चाहत रखता है। इस वजह से पश्चिमी मॉडल वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर सोच बदली है। भारतीय लोकतंत्र और चुनावी व्यवस्था अगर तनकर खड़ी है, तो उसके पीछे इन वैचारिक बदलावो का बड़ा योगदान है। एक अरब की भारी-भरकम मतदाता संख्या वालेभारतीय चुनावी तंत्र में भागीदारी बढ़ना मामूली बात नहीं है। इसे भारतीय चुनावी तंत्र की लचीली किंतु मजबूत व्यवस्था की सफलता के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

भारतीय चुनावी प्रबंधन में बढ़ते नवाचार, डिजिटल चुनावी प्रबंधन पर जोर, दिव्यांग और दूरस्थ मतदाताओं तक बढ़ती पहुँच, के लिए चुनाव आयोग की सोच ज्यादा जिम्मेदार है। चुनावी साक्षरता बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग ने जितने प्रयोग किए हैं, वैसा उदाहरण कहीं और नहीं दिखता। विपक्षी सवालों के बावजूद चुनावों में अगर मतदाता भागीदारी बढ़ी है, तो माना जा सकता है कि चुनाव आयोग के प्रति भरोसा कम नहीं हुआ है। इस लिहाज से देखें तो भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहुंच पुस्तकालयों और विमर्श के संस्थागत मंचों की बजाय बूथ और अंतिम व्यक्ति तक बढ़ी है। इस संदर्भ में चुनाव आयोग की अध्यक्षता में 21 से 23 जनवरी के बीच आईडीईए देशों के चुनाव प्रमुखों और अधिकारियों की होने जा रही बैठक बेहद अहम हो जाती है। माना जा रहा है कि आयोग से दुनियाभर के अधिकारी जानना चाहेंगे कि मतदाताओं की भारी संख्या के बावजूद आयोग उन तक कैसे पहुंचता है और चुनाव प्रणाली की पवित्रता कैसे बरकरार है। चुनावी पवित्रता की नाभि-नाल पारंपरिक लोकतांत्रिक प्रणाली से जुड़ी है। प्राचीन भारत का बज्जि गणतंत्र आधुनिक प्रणाली से कहीं ज्यादा लोकतांत्रिक और लोकोन्मुखी था। दक्षिण भारत के दसवीं सदी के चोल शासकों ने ग्रामीण शासन व्यवस्था के लिए जो व्यवस्था अपना रखी थी, उसे आधुनिक राजनीति विज्ञानी भी बेहतरीन प्रणाली मान रहे हैं। मैग्नाकार्टा के कुछ साल पहले कर्नाटक में लिंगायत संप्रदाय के संस्थापक संत बसवेश्वर ने जिस अनुभव मंडपम् की स्थापना की थी, उसमें समाज के हर वर्ग के लोग धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा करते थे और एक परिणति तक पहुंचते थे। राजनीति शास्त्री इसे आधुनिक संसद का प्रथम स्वरूप मानते हैं। आज हमारी चुनाव प्रणाली मजबूत है तो इसकी एक वजह हमारी यह परंपरा भी है। वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक राष्ट्रों के समक्ष चुनौतियां बढ़ी हैं। जिनके लिए भारत का अनुभव प्रेरक हो सकता है। वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र के लिए ध्रुवीकरण, दुष्प्रचार और साइबर हस्तक्षेप, चुनावी धन में पारदर्शिता की कमी एवं युवाओं की घटती रुचि खतरा बन रही हैं। इसमें जनमत को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल ने कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। ऐसे माहौल में भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर चुनावी लिहाज से अपने सफल मॉडल आधारित अनुभव से लोकतांत्रिक राष्ट्रों की चुनाव प्रणाली के लिए प्रेरक हो सकता है। भारत को इन देशों की अगुआई इस बात का भी प्रतीक है कि हमारे लोकतंत्र की ताकत सिर्फ चुनाव में नहीं, बल्कि हर वोट को मिली अहमियत से है। इसी वजह से विविधरंगी समाज, भाषा, धर्म और असमानता के बावजूद भारतीय चुनाव प्रणाली शांतिपूर्ण बनी हुई है। साफ है कि विशाल और बहुलवादी समाज भारतीय लोकतंत्र की बाधा नहीं, ताकत है। पश्चिमी और ग्लोबल साउथ देशों की लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों के मद्देनजर भारतीय चुनाव प्रबंधन कहीं ज्यादा उपलब्धि भरा है। अमेरिका और यूरोप में जहां मतदाता भागीदारी लगातार कम हो रही है, वहीं अविश्वास और आपसी सामाजिक टकराव जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। इसके बरक्स विविधता के बावजूद हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था समस्या समाधान का शांतिपूर्ण हथियार बनी हुई है। इसमें महिलाओं, दिव्यांगजनों और युवा मतदाताओं के साथ बढ़ी मतदाता भागीदारी ने लोकतांत्रिक जड़ों को गहरा ही किया है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। किसी व्यावसायिक काम के लिये यात्रा पर जा सकते हैं। विद्यार्थी अपना समय अध्ययन में लगायेंगे। आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपको भाग्य का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

### वृष
खुद को ज्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ़ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, बल्कि डर, ईर्ष्या और नफरत जैसे नकारात्मक मनोभावों में भी कमी आएगी। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें।

### मिथुन
अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा करना आपकी सेहत को भी बेहतर करेगा। लेकिन ख़याल रखें कि इसे नजरअंदाज़ करना बाद में भारी पड़ सकता है। शाम के समय सामाजिक गतिविधियां उससे कई बेहतर रहेंगी, जितनी आपने उम्मीद की थी।

### कर्क
आपकी लगन और मेहनत पर लोग ग़ौर करेंगे और आज इसके चलते आपको कुछ वित्तीय लाभ मिल सकता है। दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ शाम के आयोजन में शिरकत करें। पार्टनर की भावनाओं को समझेंगे तो आपका रिश्ता और भी अधिक मजबूत होगा।

### सिंह
पैसे से जुड़ा कोई भी फैसला करने से पहले एक बार फिर सोच लें ताकि हालात संभले रहें। आज नया वाहन और नया घर खरीद सकते है। आपको अपने परिवार का भरपूर साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में मुद्दों को सुलझाने की दिशा में काम करने में समझदारी हो सकती है।

### कन्या
आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा आपको करियर में तरक्की मिलेगी और परिवार में खुशियां आएंगी। आपको गुस्सा करने से बचना होगा और खासकर किसी ऐसी बात से बचना होगा जो किसी का दिल दुखाए। आस्था और विश्वास से काम पूरे होंगे।

### तुला
दिन की शुरूआत अच्छी रहेगी। जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। थोड़ी सी तकलीफों पर अगर ध्यान न दे तो यह दिन आपके लिए शुभ होगा। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ बना रहेगा।

### वृश्चिक
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस में कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। इसमें आप सफल भी होंगे। आपको मनचाहा परिणाम मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

### धनु
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकते हैं। खाने की चीज के प्रति आपका अधिक लगाव हो सकता है। आपके घर-परिवार का वातावरण शांतिदायक रहेगा। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। दूसरों के साथ खुशी बांटने से सेहत और खिलेगी।

### मकर
आज रुके कार्यों को गति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ बना रहेगा। पार्टनर की भावनाओं को समझेंगे तो आपका रिश्ता और भी अधिक मजबूत होगा, आपको अपनी किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। विद्यार्थियों को करियर से जुड़ा कोई अहम फैसला लेना पड़ सकता है।

### कुंभ
आज आपकी पारिवारिक उलझनें बढ़ सकती हैं। अत्यधिक क्रोध से आपका कोई बना हुआ कार्य बिगड़ सकता है। आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। आपके दाम्पत्य जीवन में नई चेतना का संचार हो सकता है। आज रुके कार्यों को गति मिलेगी।

### मीन
मजबूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इजाफा करेगा। किसी भी तरह के हालात को काबू में रखने के लिए इस रफ़्तार को बरकरार रखिए। बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। सेहत के मामले में आप फिट रहेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# क्या बच्चों के लिए सुरक्षित होता है मखाना?

मखाना बच्चों के लिए बहुत ही हेल्दी माना जाता है। इसके सेवन से बच्चों को भरपूर रूप से पोषण मिलता है। बढ़ते बच्चों के बेहतर विकास के लिए आप उन्हें नियमित रूप से मखाना दे सकते हैं। इससे उनके शरीर को भरपूर रूप से कैल्शियम प्राप्त होता है। साथ ही मांसपेशियों का विकास भी अच्छे से होता है, लेकिन ध्यान रखें कि बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना न दें। अधिक मात्रा में बच्चों को मखाना देने से उनके शरीर को नुकसान भी पहुंच सकता है।



### मखाना से बच्चों को होने वाले नुकसान

मखाना बच्चों के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि, अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से आपके बच्चों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए सीमित मात्रा में बच्चों को मखाना दें।

### क्या बच्चों के लिए मखाना सुरक्षित है

मखाना बच्चों के लिए सुरक्षित होता है। इस आप अपने बच्चों को कई तरह से दे सकते हैं। अधिकतर पेरेंट्स बच्चों को मखाना रोस्ट करके देते हैं। इसके अलावा अगर आपके बच्चे का दांत सही तरीके से नहीं आया है, तो इस स्थिति में आप उन्हें मखाना खीर के रूप में भी दे सकते हैं। इसके अलावा मखाना कई अन्य तरीकों से भी दिया जा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना न दें। दरअसल, मखाना फाइबर की अधिकता होती है, जिसकी वजह से बच्चों को कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं।

### क्या मखाना खाने से बच्चों को हो सकती है गैस की समस्या?

एक्सपर्ट का कहना है कि सीमित मात्रा में मखाना खाने से बच्चों को गैस की परेशानी नहीं होती है। हालांकि, अगर आप उन्हें काफी ज्यादा मखाना



खिलाते हैं, तो इससे उन्हें गैस, अपच जैसी परेशानी हो सकती है। दरअसल, मखाना फाइबर से भरपूर होता है, ऐसे में बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना देने से उनका पाचन बिगड़ सकता है।

### क्या मखाना खाने से बच्चों को वजन बढ़ता है?

बच्चों को नियमित रूप से मखाना देने से बच्चों का हेल्दी वेट गेन हो सकता है। साथ ही उनकी इम्यून पावर भी बूस्ट हो सकती है। 6 माह से ऊपर के बच्चों को नियमित रूप से मखाना रोस्ट करके दिया जा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि बच्चों को सीमित मात्रा में ही मखाना दें।

### क्या मखाना शरीर को गर्म करता है?

मखाना की तासीर गर्म होती है। ऐसे में अगर आप अपने बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना खिलाते हैं, तो उन्हें यह गर्म कर सकता है। इसलिए कोशिश करें कि 1 दिन में 10 से 20 मखाना ही बच्चों को दें।

# बच्चों को एक्टिव रखने के लिए माता-पिता अपनाएं यह तरीके, दिनभर नहीं करेंगे तंग

आज के समय में बच्चों का एक्टिव और ऊर्जावान होना बेहद जरूरी है। इससे उनके विकास पर भी असर पड़ता है। वहीं अगर बच्चे सुस्ती महसूस करते हैं तो इसका असर उनकी ग्रोथ पर भी पड़ सकता है। ऐसे में माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को एक्टिव रखने के लिए कुछ तरीकों की मदद लें। बता दें कि बच्चों की दिनचर्या में थोड़ा सा बदलाव करके उन्हें एक्टिव रखा जा सकता है।

### सीढ़ियां चढ़ने के लिए बोलें

बच्चों को एक्टिव रखने का सबसे अच्छा तरीका है उन्हें सीढ़ी चढ़ने के लिए कहें। इससे ना केवल बच्चे एक्टिव फील करेंगे बल्कि उनकी सुस्ती भी भाग जाएगी। ऐसे में आप बच्चे को किसी काम के लिए कह सकते हैं। या आप खुद भी उनके साथ इस एक्टिविटी को अपना सकते हैं। ऐसा करने से आप भी खुद को एक्टिव महसूस करेंगे और बच्चे आपको देख-दखकर आगे बढ़ेंगे।

### डिनर के बाद जाएं बाहर

आज के समय में माता-पिता डिनर के बाद टेलीविजन देखने बैठ जाते हैं। ऐसे में उन्हें देखा-देख बच्चे भी यही पैटर्न अपनाना शुरू कर देते हैं। ऐसे में सबसे पहले माता-पिता को अपनी आदत बदलनी होगी। उसके बाद ही वे अपने बच्चों की आदत बदल पाएंगे। खाना खाने के बाद घूमने जाएं, जिससे ना केवल बच्चों में अच्छी आदत पैदा होगी बल्कि उनकी सुस्ती भी दूर हो जाएगी।

### स्कूल से घर कर जाएं पैदल

अगर बच्चों का स्कूल पास है तो किसी व्हीकल लेने की बजाय उसे पैदल छोड़ने जाएं। इससे भी उसके अंदर ऊर्जा का संचार



होगा और वो पैदल चलन के लिए प्रेरित होगा। बता दें कि पैदल चलने से ना केवल बच्चे की शारीरिक गतिविधि का विकास होगा ब्लकि वे एक्टिव भी रहेंगे। इससे अलग यदि आप बच्चे के साथ मार्केट जा रहे हो तो ऐसे में खुद भी पैदल जाने की कोशिश करें।

### बच्चों की लें घर के कामों में मदद

अगर माता-पिता बच्चों की मदद घर के काम में लेंगे तो इससे ना केवल उन्हें एक्टिव रहने में मदद मिलेगी बल्कि घर के कामों में बच्चों की भागीदारी भी बढ़ेगी। ऐसे में माता-पिता बच्चों से बर्तन धुलवा सकते हैं या कार साफ करने के लिए कह सकते हैं।

### डांसिंग क्लास में हिस्सेदारी

बच्चे को एक्टिव बनाने के लिए डांस क्लास आपके बेहद काम आ सकती है। कई शारीरिक गतिविधियां इसमें शामिल होती हैं, जिससे बच्चे की ना केवल एक्सरसाइज हो जाती है बल्कि वो एक्टिव भी महसूस कर सकता है। इससे अलग डांस क्लास के अलावा माता-पिता बच्चों को साइकिल के लिए भेज सकते हैं या उनसे रनिंग के लिए भी बोल सकते हैं। इससे वे एक्टिव रहने के लिए प्रेरित होंगे।



# बाजू और छाती का वजन बढ़ाने के लिए अपनाएं यह उपाय

कुछ लोगों के पेट, पैरों और फेस पर तो अच्छी चर्बी होती है, लेकिन इनकी तुलना में हाथ और छाती काफी कमजोर और पतले नजर आते हैं। ऐसे में अकसर लोग सप्लीमेंट लेना शुरू कर देते हैं, लेकिन इससे हाथ और छाती का नहीं, बल्कि पूरे शरीर का ही वजन बढ़ने लगता है। अगर आप सिर्फ अपने हाथों और छाती को मजबूत बनाना चाहते हैं या फिर इनकी मसल्स गेन करना चाहते हैं, तो कुछ उपाय आजमा सकते हैं। इससे आपकी मसल्स स्ट्रॉन्ग बनेंगी और आपकी बॉडी एक जैसी नजर आएगी।

### पुशअप्स करें

- पुशअप्श एक्सरसाइज से आप अपने बाजू और छाती का वजन बढ़ा सकते हैं।
- इसे करने के लिए आप पेट के बल लेट जाएं।
- पैरों और कमर को बिल्कुल सीधा रखें।
- अब अपने हथेलियों को कंधों के समान रखें।
- इसके बाद हाथों पर वजन डालते हुए सिर से लेकर एड़ी तक शरीर को ऊपर उठाएं।
- फिर शरीर को नीचे लेकर जाएं और ऊपर उठाएं।
- पुशअप्स लगाते समय कोर को टाइट रखें।
- आप इस तरह से 15-20 रेप्स लगा सकते हैं।
- रेगुलर पुशअप्स लगाने से वजन बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

### डिक्लाइन बेंच प्रेस

- डिक्लाइन बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने से आपको अपने बाजू और सीने का वजन बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इस एक्सरसाइज को आप आसानी से घर पर भी कर सकते हैं।

## मेगा पीटीएम आयोजित

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में शिक्षा विभाग, राज्य सरकार की योजनानुसार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 16, राजलदेसर में मेगा पीटीएम एवं निपुण मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती व नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन से शुरू हुए कार्यक्रम में मंच पर एसएमसी अध्यक्षा गंगा देवी, संस्था प्रधान प्रकाश जाट व अध्यापिका मंजू वर्मा उपस्थित थी। अध्यापक शंभू दयाल मीणा ने आजाद हिन्द फौज के संस्थापक सुभाषचंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। संस्था प्रधान ने मेगा पीटीएम के उद्देश्यों पर विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों की प्रगति से उपस्थित अभिभावकों को अवगत करवाया। गंगा देवी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान किया। उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों से संबंधित प्रगति पर संतोष प्रकट किया। इसके उपरांत कृष्णभोग में बच्चों को खीर जलेबी परोसी गई। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सत्यनारायण टेलर ने किया।इस अवसर पर धन्नी देवी, संतोष सोनी, भीखी देवी, शारदा, सावित्री देवी सहित कई महिला अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## निपुण मेला व बसन्त पंचमी पर्व मनाया

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पीएमश्री बाबा छोटूनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा में बसंत पंचमी के मौके पर मेगा पीटीएम और निपुण मेले का आयोजन किया गया। निपुण मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक, कौशल विकास और रचनात्मकता से जुड़े स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर बच्चों ने अपने ज्ञान, प्रतिभा और नवाचार का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसका अवलोकन सीबीईओ शिवनारायण भादू ने किया और इसकी सराहना की। गतिविधि प्रभारी सरिता बिश्नोई ने बताया कि स्कूल के सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर मेले की गतिविधियों को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे कार्यक्रम का उत्साह बढ़ा। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य नारायण दत्त ने यूसीईओ क्षेत्र के सभी विद्यालयों से भाग लेने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री संवाद का सीधा प्रसारण किया गया। इसे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने देखा व सुना। मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान महेंद्र कुमार, ओमप्रकाश पारीक, गिरिराज सिंह, दिनेश उपाध्याय, सरोज, सुपला, कौशल्या, रिंकू, ममता तथा समस्त विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता मनोज प्रजापत ने किया।

## सात दिवसीय पुष्कर महोत्सव का समापन



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में श्री राजलदेसर गौशाला के पास स्थित है भोले बाबा बगीची में चल रहा विराट पुष्कर महोत्सव का समापन शुक्रवार को हुआ। सात दिवसीय कार्यक्रम में अनेकों भक्तों ने कथा तथा यज्ञ में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम बगीची के महंत संत सोमनाथ महाराज व सुरजीत नाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। अंतिम दिन भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । बगीची के संत सुरजीत नाथ महाराज ने बताया कि सात दिवसीय कार्यक्रम में सभी भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया। गुरु सोमनाथ महाराज के सानिध्य में संतों को विदाई दी गई, उन्होंने बगीची में सेवादारों का भी आभार जताया जिस प्रकार से उन्होंने निस्वार्थ भाव से दिन.रात सेवा दी। गुरुवार रात्रि को जसनाथ महाराज का जमा व अग्नि नृत्य किया गया। जागरण कलाकार छाजूसर ओर बीनादेसर के कलाकारों ने मुंह में जगते अंगारे लेकर करतब दिखा, सुबह शेखावाटी के सैकड़ों संत महात्मा को भोजन प्रसाद कराकर विदाई दी। इस अवसर पर कान नाथ महाराज, छगनलाल शर्मा, बाबूलाल तिवाड़ी, हनुमान माली, नौरतमल नाई, दौलतराम जाट, भीकमचंद सुथार, नंदू माली, भवानी मंत्री, जगदीश पुरोहित, देवकिशन सुथार, वीरेंद्र लाटा, भगवान दास स्वामी, मदन दाधीच, रमेश पारीक सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## बसंत पंचमी महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे की मंजुला सराफ आदर्श विद्या मंदिर में बसंत पंचमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। शिशु वाटिका प्रभारी अनीता शर्मा ने बताया ने बताया कि लक्ष्मी नारायण प्रजापत सपत्नीक मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कस्बे के 30 अभिभावक व भैया बहनों के द्वारा यज्ञ वेदी में पण्डित लालचंद पारीक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति दी गई तथा भैया-बहनों के द्वारा स्लेट पर स्वस्तिक का उच्चारण करवाया गया। विद्यारम्भ संस्कार किया गया। इस अवसर पर बजरंग सिंह भाटी, अजय शर्मा, रामचंद्र सुथार, द्रोपती पारीक, मीनाक्षी मारू, अनीता शर्मा, गुंजन पारीक, शिल्पा मारू, तारा दर्जी, रामनारायण मारू, श्री कृष्ण स्वामी, संदीप राठौड, चंद्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे। विद्यालय में 5 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं का विद्यारम्भ संस्कार वैदिक विधि से संपन्न कराया।

**बोस की जयंती पर निकाला पथ संचलन:** कस्बे की मंजुला सराफ आदर्श विद्या के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र जयंती धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर विद्यालय के द्वारा पथ संचलन भी निकल गया पथसंचलन में विद्यालय के भैया बहिनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विद्यालय समिति के ओमप्रकाश जांगिड़, रतनलाल बारूलाल, ओमप्रकाश पारीक, अजय, रामलाल स्वामी तथा प्रधानाचार्य श्री कृष्णा स्वामी ने पथसंचलन को हरी झंडी दिखाकर विद्यालय से रवाना किया । संचलन में भारतमाता, नेताजी सुभाषचंद्र बोस की झांकी भी निकाली गई। सभी भैया बहिन घोष के साथ कदम ताल मिलाते हुए कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पर स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रचलित किया गया कस्बेवासियों ने भारी उत्साह के साथ पुष्पवर्षा कर भैया बहिनों का स्वागत एवं उत्साह वर्धन किया।

# पितांबरी लेने के लिए श्याम भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

## बासंती सजावट देखकर भक्त हुए भाव विभोर



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** तीन बाण धारी के प्राचीन मंदिर में बसंतोत्सव पर बाबा की पितांबरी लेने के लिए श्याम भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। भक्त अल सुबह से ही बारिश की परवाह किए बगैर ही भारी संख्या में उमड़ना शुरू हो गए। महिलाएं बच्चे पुरुष हजारों की संख्या में बाबा के जयकारे लगाते हुए पितांबरी प्राप्त करने लगे। बसंतोत्सव पर शहर के प्राचीन श्रीश्याम मंदिर की अद्भुत एवं अलौकिक सजावट की गई। सुबह 10 बजे शहर के श्री श्याम तोरण द्वार से सेवक महेंद्र महाराज के सानिध्य में श्री श्याम निशान पदयात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष हाथों में बाबा का निशान लेकर डीजे की धुन पर झूमते गाते मुख्य रास्तों से निकलते हुए श्री श्याम मंदिर में पहुंचे। निशान यात्रा को देखने के लिए एक बार तो ऐसा लगा कि जैसे समूचा शहर ही ठहर गया हो। लोग अपनी दुकानों घरों छतो एवं आम रास्तों से निशान यात्रा को निहारने लगे। इस दौरान जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन सुबह मुख्य आरती के साथ ही भक्तों का जनसैलाब उमड पड़ा। भक्त बाबा की एक झलक पाने के लिए तथा पीतांबरी प्राप्त करने के लिए घंटो लाइन में लगे रहे। इस दौरान भक्त श्री श्याम जयकारों से संपूर्ण शहर को गुंजायमान कर डाला। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह चौहान, योगेंद्र सिंह, विजय सिंह, युवराज सिंह बन्ना, राहुल सिंह, मानसिंह, संतोष कुमावत, बनवारी लाल सहित अनेक लोगों ने अपनी सेवाएं दी।

### कमेटी ने की भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मंदिर कमेटी ने भीड़ का पूर्वानुमान लगा लिया था जिसके तहत धायल अस्पताल के सामने नि:शुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई। जगह-जगह पानी की व्यवस्था की गई भक्तों को बाबा के दर्शनों में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके पुख्ता इंतजाम किए गए। भक्तों के स्वागत के लिए बार-बार सुगंधित स्प्रे भी किया गया।

### छप्पन भोग एवं 151 किलो केसरिया चावल का भोग

श्याम मंदिर कमेटी ने बसंत पंचमी के दिन इस बार 56 भोग एवं 151 किलो केसरिया चावल का बाबा के भोग लगाया। क्योंकि बसंत पंचमी को पीले रंग का महत्व है इसलिए 151 किलो केसरिया चावल का बाबा के भोग लगाया जिन्हें करीब 20 हजार से अधिक भक्तों को वितरण किया गया।

### महका बाबा का दरबार भक्त हुए भाव विभोर

बसंत पंचमी पर श्री श्याम मंदिर कमेटी ने ऑस्ट्रेलिया से आए पीले फूलों एवं देश के कोने-कोने से आए अन्य फूलों से बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया। बाबा का श्रृंगार ऐसा था कि भक्त एक झलक पाने के लिए घंटो लाइन में लगे रहे लेकिन जैसे ही बाबा का श्रृंगार देखा सारी थकावट दूर हो गई। और भक्त बाबा का श्रृंगार एक टक देखते रहे।

### बसंत पंचमी के दिन पहली बार निकली पदयात्रा

रींगस शहर में बसंत पंचमी के दिन पहली बार श्री श्याम निशान पदयात्रा धूमधाम से निकाली गई। सेवक महेंद्र सिंह महाराज के सानिध्य में निकली श्याम निशान यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए।

यात्रा भैरुजी मोड़ स्थित श्री श्याम तोरण द्वार से शुरू ही जो मुख्य मार्ग से होते हुए प्राचीन श्री श्याम मंदिर पहुंची। यात्रा का अनेक जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### समूचा शहर श्रीश्याम रंग में डूबा

बसंत पंचमी पर श्री श्याम मंदिर में अब तक की सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ी उमड़ी।

जिससे सभी रिकार्ड ध्वस्त हो गए हालांकि मंदिर कमेटी को भीड़ का पूर्वानुमान था।

इसलिए भक्तों के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए। श्री श्याम मंदिर में आने वाले दोनों मुख्य रास्ते श्याम भक्तों से सुबह ही अट गए राजा पार्क से लेकर श्याम मंदिर तक तिल धरने की भी जगह नहीं बची। इस दौरान श्याम भक्त लगातार बाबा के जयकारे लगाते रहे। जिससे संपूर्ण मार्ग श्याम रंग में रंग गया।

इसके बाद निकली निशान यात्रा से समूचा शहर श्री श्याम रंग में रंग गया।

## एसएमएस अस्पताल में पॉइजन डिटेक्शन एवं ड्रग लेवल लैब का उद्घाटन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य के सबसे बड़े चिकित्सालय एसएमएस अस्पताल में वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा के तहत स्थापित पॉइजन डिटेक्शन एवं ड्रग लेवल लैब का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। लैब का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी एवं अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी ने संयुक्त रूप से किया। इस अत्याधुनिक लैब की स्थापना के बाद अब जहरीले पदार्थ के सेवन से तबीयत बिगड़ने वाले मरीजों में लिए गए पदार्थ की रक्त, मूत्र पेशाब और पेट के धोवन गैस्ट्रिक लैवेज के नमूनों से सटीक जांच संभव हो सकेगी। इससे मरीजों को समय पर सही इलाज देने में चिकित्सकों को बड़ी सहायता मिलेगी। प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी के अनुसार यह राजस्थान की पहली पॉइजन डिटेक्शन एवं ड्रग लेवल लैब है। जो पॉइजनिंग के मामलों में उपचार को नई दिशा देगी। अब तक ऐसे मामलों में सीमित जांच सुविधाओं के कारण इलाज में देरी हो जाती थी। लेकिन इस लैब से पॉइजनिंग के मरीजों की जान बचाने की संभावनाएं और अधिक मजबूत होंगी। लैब शुरू होने से न केवल आपातकालीन उपचार की गुणवत्ता बेहतर होगी। बल्कि गंभीर और जटिल मामलों में भी विशेषज्ञों को दवा की मात्रा और विषाक्त तत्वों की सटीक जानकारी मिल सकेगी। डॉक्टर डी. के. शर्मा ने बताया कि राजस्थान के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल सवाई मानसिंह एसएमएस पॉइजन डिटेक्शन एंड ड्रग लेवल टॉक्सिकोलॉजी लैब बनकर तैयार हो गई है। यह राजस्थान की पहली ऐसी आधुनिक लैब है। जहां किसी भी व्यक्ति जो सांप कटाने, जहर खाने या दवाईयों की ओवरडोज लेने सेद्ध बीमार हो गया या बेहोश हो गया हो। उसके शरीर में कितना जहर और कितनी मात्रा में है, ये पता लगाया जा सकेगा। इससे डॉक्टर को उस मरीज के सटीक इलाज में मदद मिलेगी।

## महिला पतंजलि योग समिति ने मनाई बसंत पंचमी



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महिला पतंजलि योग समिति द्वारा शुक्रवार को गांधी चौक झुंझुनू में नियमित योग कक्षा के पश्चात ज्ञान एवं अध्यात्म के महापर्व बसंत पंचमी को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य योग शिक्षिका डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि इस अवसर पर माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ज्ञान, विद्या, वाणी, कला एवं सृजन की देवी से सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उमंग और सफलता की कामना की गई। उन्होंने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में योगाभ्यास के साथ आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर डॉ. पूनम सिंघल, सावित्री सैनी, उषा शर्मा, प्रियंका मोरवाल, संतोष देवी, पवन सिंघल, नितेश कुमार एवं नरेश सैनी उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी उत्सव एवं बोस जयंती धूमधाम से मनाई



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे की भारती विद्यापीठ महाविद्यालय में शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम मुख्य अतिथि जितेंद्र टाक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर बसंत पंचमी की बधाई दी एवं विद्यार्थियों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने एवं उनका अनुसरण करने का अमानत किया साथी आधुनिक शिक्षा के अंतर्गत कंप्यूटर एवं आई तकनीक को सावधानी से उपयोग करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्रों में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं देवेंद्र सोनी ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला महाविद्यालय प्रवक्ता मोहम्मद रमजान व जमन सिंह विद्यार्थियों को सुभाष के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर पुरोहित ने बसंत पंचमी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का संयोजन भगवती प्रसाद ने किया एवं व्याख्याता दुर्गा दत्त नेहरा व कार्यालय प्रभारी कुमारी पूनम ने विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया।

## जीएचडब्लूएफ लोकल टू ग्लोबल थीम के साथ नए बेंचमार्क स्थापित करेगा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल जीएचडब्लूएफ का 5वां एडिशन 28 फरवरी और 1 मार्च को जयपुर के प्रतिष्ठित बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित होने जा रहा है। यह एडिशन लोकल टू ग्लोबल की थीम के साथ बड़ा बेहतर और ज्यादा प्रभावशाली होगा। जीएचडब्लूएफ के फाउंडर और सीईओ हिम्मत सिंह ने इस इवेंट के बारे में बात करते हुए कहा कि जीएचडब्लूएफ का आयोजन जयपुर के लिए एक ऐतिहासिक पल है क्योंकि पहली बार अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर और हेल्थकेयर एक्सपर्ट इस साल एक इवेंट में हिस्सा लेने आ रहे हैं। यह एडिशन भारतीय और अंतरराष्ट्रीय मेडिकल प्रोफेशनल्स के बीच नॉलेज एक्सचेंज को बढ़ावा देकर जयपुर को ग्लोबल हेल्थकेयर मैप पर लाने में मदद करेगा। जीएचडब्लूएफ के को-फाउंडर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस साल जीएचडब्लूएफ में पांच नए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रख रहा गया है। पहला, इंश्योर इंडिया कॉन्क्लेव जिसमें देश भर से 3 हजार से ज्यादा इंश्योरेंस एडवाइजर एक छत के नीचे इकट्ठा होने की उम्मीद है। दूसरा हार्ट्स एंड माइंड्स कॉन्क्लेव जिसमें ऑर्गन डोनेशन प्लेज ड्राइव शामिल है। तीसरा रिकॉर्ड कॉर्पोरेट वेलनेस और बीएलएस इनिशिएटिव है जिसमें 100 से ज्यादा कॉर्पोरेट वर्क-लाइफ बैलेंस, कॉर्पोरेट स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक सेशन में हिस्सा लेंगे और बेसिक लाइफ सपोर्ट बीएलएस ट्रेनिंग लेंगे। चौथा सबसे ज़्यादा सीनियर सिटीजन जो एक अनोखी पहल है जिसमें हेल्दी एजिंग और प्रिवेंटिव केयर को बढ़ावा देने के लिए एक छत के नीचे सीनियर सिटीजन का अब तक का सबसे बड़ा जमावड़ा होगा और पांचवां शक्ति संवाद -महिला स्वास्थ्य वर्ल्ड रिकॉर्ड जिसमें महिलाओं पर केंद्रित एक दमदार कॉन्क्लेव होगा जिसमें 1 हजार से ज़्यादा महिलाएं स्त्री रोग संबंधी स्वास्थ्य, प्रिवेंटिव केयर और महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करेंगी। इस फेस्टिवल के समापन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री मिनिषा लांबा की मौजूदगी में अस्पतालों, स्पॉन्सर और योगदानकर्ताओं को पुरस्कार और सम्मान दिया जाएंगा।

## बसंत उत्सव एवं खंडेलवाल दिवस पर निकाली शोभायात्रा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री खण्डेलवाल वैश्य हितकारिणी सभा के अध्यक्ष राम किशोर खूटेटा के नेतृत्व में शुक्रवार को बसंत पंचमी और खंडेलवाल दिवस के अवसर पर एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।

यह शोभायात्रा श्री खण्डेलवाल वैश्य जातीय गंगा मंदिर स्टेशन रोड जयपुर से रवाना होकर चांदपोल बाजार, त्रिपोलिया बाजार, रामगंज बाजार होते हुए श्री खंडेलवाल वैश्य जातीय राम मंदिर हीदा की मोरी जयपुर पर समापन हुआ। इस शोभायात्रा में विशाल लवाजमें के साथ बैंड बाजे खण्डेलवाल वैश्य समाज के महापुरुष संत सुंदरदास एवं बलराम दास की झांकी सजाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधेश्याम खूटेटा, चन्द्रप्रकाश टटार, विशिष्ठ अतिथि विनय कुमार गुप्ता नाटाणी एवं विमला गुप्ता पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति रहें। अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल नाटाणी ने बताया कि श्री खण्डेलवाल वैश्य हितकारिणी सभा के द्वारा निकाली जाने वाली विशाल शोभा यात्रा का त्रिपोलिया बाजार में विशाल शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा एवं अल्पाहार वितरण कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण जागरूकता का संदेश देते हुए पोस्टर का विमोचन करने के साथ ही तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री एवं शोभा यात्रा संयोजक गोविन्द नाटाणी ने बताया कि बसंत उत्सव एवं खंडेलवाल दिवस पर बसंत का हमारे जीवन में महत्व विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में महिलाएं एवं पुरुष के द्वारा भव्य पीताम्बर वस्त्र धारण कर शोभायात्रा में सम्मिलित होते हुए माँ सरस्वती एवं गंगा मैया की आरती की गई।

## बचपन स्कूल में आगाज स्पोर्ट्स कार्यक्रम का शुभारंभ




निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** बचपन स्कूल लाडनूं में वार्षिक खेल महोत्सव आगाज 2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीबीईओ प्रहलाद राय नराणियां द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथियों में कल्याण सिंह राठौड़ एसीबीईओ, शिक्षा विभाग, सूर्य प्रकाश आर्य, एडवोकेट विकास ठोलिया तथा हरीराम खीचड़, अरविंद नाहर एवं डायरेक्टर दिनेश धेडू ने बच्चों की हौसला अफ्जाई की। सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों की आकर्षक मार्च-पास्ट एवं खेल शपथ के साथ हुई। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुशासन, ऊर्जा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। खेल मैदान तालियों की गड़गड़ाहट और बच्चों के उत्साह से गूंज उठा। विद्यालय की प्रधानाचार्या हर्षिता जैन ने बताया कि आगाज 2026 का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें खेलों के प्रति रुचि और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है।

उन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## गणेश मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस मनाया

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजकला काम्पलेक्स स्थित गणेश मंदिर में 23वां मूर्ति स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम आयोजन समिति सदस्य डॉ. गणेश चेतीवाल के नेतृत्व में भगवान गणेश की पूजा अर्चना व आरती संगीत वादन के साथ की गई। गणेश मंदिर के महन्त मन्नालाल वर्मा के आचार्यत्व में पूजन किया गया। पूजा अर्चना के उपरांत आसपास के क्षेत्र में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंकज शर्मा, सुनील भार्गव, केदारनाथ डायल, प्रदीप शेखावत, अनिल नूनिया, प्रकाश सैनी, शेखर डायल, दीपक सैनी, विकास गुप्ता, मुकेश खंडेलवाल, बलवीर जोशी, नंदलाल, सीताराम शर्मा, सुनील बदनगढ़िया, राम सिंह नूनिया, उदयभान, डिस्कवरी ऑफिस का स्टाफ सहित काफी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

# फिल्म रिव्यू: बॉर्डर-2

## सनी देओल की एक्टिंग से लेकर एक्शन तक सब दमदार, लेकिन जानिए, क्या फिल्म में है पहली बॉर्डर जैसी बात?

**1971 के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी बॉर्डर 2 सिर्फ एक युद्ध फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सेनाओं के साहस, बलिदान और टीमवर्क की कहानी है। यह फिल्म पहली बॉर्डर की विरासत को आगे बढ़ाते हुए कहानी का स्केल बड़ा करती है और यह दिखाती है कि वह जंग सिर्फ लोंगेवाला तक सीमित नहीं थी, बल्कि जमीन, हवा और समुद्र तीनों मोर्चों पर लड़ी गई थी। कहानी में इमोशन भी है और गंभीरता भी। यह सिर्फ गोलियों और धमाकों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सैनिकों के अंदर चल रहे डर, भरोसे और जिम्मेदारी के एहसास को भी सामने लाती है। कुछ सीन्स थोड़े लंबे जरूर हैं, लेकिन वे कहानी को और गहराई देते हैं और दर्शक को आखिर तक जोड़े रखते हैं।**




### फिल्म की कहानी

फिल्म की कहानी कई मोर्चों पर एक साथ चलती है। अलग-अलग इलाकों में तैनात भारतीय सैनिक, अलग-अलग हालात, लेकिन एक ही लक्ष्य देश की रक्षा। फिल्म यह दिखाती है कि कैसे पाकिस्तान ने कई दिशाओं से हमला करने की कोशिश की और कैसे भारतीय सैनिकों की समझदारी, रणनीति और हिम्मत के आगे हर कोशिश नाकाम हो गई। कहानी में इमोशन भी है और गंभीरता भी। यह सिर्फ गोलियों और विस्फोटों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सैनिकों के भीतर चल रहे डर, भरोसे और कर्तव्य को भी सामने लाती है। कुछ सीन्स थोड़े लंबे जरूर हैं, लेकिन वे कहानी की भावना को गहराई देते हैं और दर्शक को अंत तक बांधे रखते हैं।

### फिल्म में एक्टिंग

सनी देओल पूरी फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं। उनकी डायलॉग डिलीवरी इतनी दमदार है कि कई मौकों पर तालियां और सीटियां बजने पर मजबूर हो जाती हैं। उनका आक्रामक अंदाज, आंखों में दिखता जुनून और देशभक्ति का जोश फिल्म को ऊंचाई देता है। यह सनी देओल अपने पूरे रंग में नजर आते हैं। दिलजीत दोसांझ फिल्म की आत्मा हैं। गंभीर और तनावपूर्ण सीन्स में भी वह अपनी सहज एक्टिंग और हल्के हास्य से माहौल को संतुलित रखते हैं। उनका किरदार मानवीय लगता है और युद्ध की कठोरता के बीच एक अपनापन पैदा करता है। वरुण धवन सधे हुए और गंभीर रूप में नजर आते हैं। उन्होंने अपने किरदार को बिना शोर के मजबूती दी है और भावनात्मक सीन्स में असर छोड़ा है। अहान शेट्टी का रोल भले ही छोटा हो, लेकिन उनकी परफॉर्मेंस ध्यान खींचती है। स्क्रीन पर उनका जोश और ईमानदारी साफ नजर आती है। फिल्म की फीमेल करेक्टर्स की मौजूदगी सीमित है, जो थोड़ी कमी लगती है, लेकिन इसकी वजह यह है कि कहानी पूरी तरह युद्ध और सैनिकों के नजरिए पर फोकस रखती है।

### फिल्म में डायरेक्शन और राइटिंग

अनुराग सिंह का डायरेक्शन बैलेंस्ड है। उन्होंने इमोशन, डायलॉग्स और वॉर सीन्स के बीच अच्छा तालमेल बनाया है। राइटिंग में देशभक्ति है, लेकिन ओवरड्रामैटिक नहीं। कई डायलॉग्स सीधे दिल पर असर छोड़ते हैं और कहानी को मजबूती देते हैं।

### फिल्म में सिनेमैटोग्राफी और साउंड

फिल्म की सिनेमैटोग्राफी ग्रैंड है। वॉर जोन, धमाके और सैनिकों की मूवमेंट को बहुत असरदार तरीके से दिखाया गया है। साउंड डिजाइन भी स्ट्रॉन्ग है, जो हर सीन का इम्पैक्ट और रोमांच बढ़ा देता है।



### फिल्म का संगीत

संगीत भावनाओं का साथ देता है। पुराने यादगार गानों की विरासत को छूना आसान नहीं था, फिर भी नए गाने कहानी के मूड के मुताबिक हैं। कुछ गाने दिल को छूते हैं, हालांकि पहले जैसी गहरी छाप छोड़ना स्वाभाविक रूप से कठिन था। बॉर्डर की तुलना में कैसी है बॉर्डर 2? बॉर्डर 2 की कहानी और सिनेमैटोग्राफी पहली बॉर्डर से ज्यादा बड़ी और आधुनिक नजर आती है। जहां बॉर्डर लोंगेवाला की जंग पर फोकस थी, वहीं बॉर्डर 2 जमीन, हवा और समुद्र तीनों मोर्चों को दिखाती है। सनी देओल की एक्टिंग इस बार और ज्यादा दमदार है, खासकर एक्शन सीन्स पहले से ज्यादा शार्प और इंटेंस लगते हैं। हालांकि म्यूजिक के मामले में बॉर्डर की यादगार धुनों जैसी गहराई यहां थोड़ी कम महसूस होती है। अगर आप उसी लेवल की उम्मीद लेकर जाएंगे तो हल्की निराशा हो सकती है, लेकिन आज के समय के हिसाब से बॉर्डर 2 का म्यूजिक भी अच्छा है।

### फिल्म पर अंतिम फैसला

बॉर्डर 2 एक बड़े स्केल की, इमोशनल और दमदार वॉर फिल्म है। कुछ जगह फिल्म थोड़ी लंबी जरूर लगती है और महिला किरदार सीमित हैं, लेकिन मजबूत एक्टिंग, सॉलिड डायरेक्शन और पावरफुल कहानी इसे देखने लायक बनाती है। फिल्म खत्म होने के बाद दिल में गर्व, सम्मान और भारतीय सैनिकों के लिए गहरा रिस्पेक्ट छोड़ जाती है।

खेल समाचार

# ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में सबालेंका मेदवेदेव दो साल बाद ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में

ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में शुक्रवार को टॉप सीड आर्यना सबालेंका, मेन्स के वर्ल्ड नंबर-1कार्लास अल्काराज, डेनियल मेदवेदेव और विटोरिया म्बोको तीसरे राउंड में जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। सबालेंका ने कड़े संघर्ष के बाद अनास्तासिया पोटापोवा को हराकर चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है। सबालेंका ने यह मैच 7-6 (4), 7-6 (7) से जीता। अब चौथे दौर (प्री-क्वार्टर फाइनल) में उनका सामना 19 साल की उभरती हुई कनाडाई खिलाड़ी विटोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने क्लारा टॉसन को हराकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।






दो टाइब्रेकर तक खिंचा सबालेंका का मैच पिछले चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने की कोशिश में लगी सबालेंका के लिए पोटापोवा के खिलाफ जीत आसान नहीं रही। पहले सेट में सबालेंका 6-5 और 40-0 से आगे थीं, लेकिन पोटापोवा ने तीन सेट पॉइंट बचाकर खेल को टाइब्रेकर में खींच दिया। टाइब्रेकर में भी स्कोर 3-3 से बराबर होने के बाद सबालेंका ने अनुभव का फायदा उठाया और बैकहैंड विनर के साथ पहला सेट जीता।

दूसरे सेट में कहानी और भी रोमांचक रही। पोटापोवा एक समय 4-0 से पीछे चल रही थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 4-4 कर दिया। दूसरे टाइब्रेकर में पोटापोवा के पास सेट जीतने के तीन मौके थे, लेकिन दबाव के पलों में सबालेंका ने अपना संयम बनाए रखा और मैच अपने नाम किया।

सबालेंका बोलीं- आज बस लड़ने का दिन था मैच के बाद ऑन-कोर्ट इंटरव्यू में सबालेंका ने अपनी विपक्षी खिलाड़ी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, पोटापोवा ने अविश्वसनीय टेनिस खेला। मैं लगभग पूरे मैच में बैकफुट पर थी। खेल में कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आपको बस लड़ना होता है और जीत के लिए जूझना पड़ता है, आज का दिन वैसा ही था।

19 साल की विटोरिया म्बोको पहली बार प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची कनाडा की 19 साल की विटोरिया म्बोको के लिए 23 जनवरी का दिन ऐतिहासिक रहा। उन्होंने क्लारा टॉसन को तीन सेटों के मुकाबले में 7-6(5), 5-7, 6-3 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में जगह बनाई है। जॉन कैन एरिना में हुआ यह मैच उतार-चढ़ाव से भरा रहा, जहां दोनों खिलाड़ियों ने बेसलाइन से लंबी रैलियां कीं। निर्णायक सेट में दिखाया म्बोको ने दम दूसरे सेट में कई मौके गंवाने के बाद म्बोको ने तीसरे और निर्णायक सेट में अपनी लय वापस पा ली। उन्होंने लगातार तीन गेम जीतकर 4-1 की बढ़त बना ली। टॉसन ने वापसी की कोशिश की और दो गेम जीते, लेकिन म्बोको ने अपनी पावर और सटीक शॉट्स के दम पर जीत सुनिश्चित की। म्बोको ने अपनी इस जीत पर कहा, यह सब खुद पर विश्वास का नतीजा है। मैं पहली बार यहां खेल रही हूं और चौथे दौर में पहुंचकर बहुत खुश हूं।

डेनियल मेदवेदेव 2024 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। 29 साल मेदवेदेव ने मार्गरिट कोर्ट एरिना में खेले गए मुकाबले में हंगरी के फाबियन मारोजसन को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में 6-7, 4-6, 7-5, 6-0, 6-3 से हराया। 2024 के बाद यह पहली बार है जब मेदवेदेव किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे हैं। शुरुआती दो सेट हारने के बाद मेदवेदेव की वापसी 26 साल के हंगरी खिलाड़ी मारोजसन ने शुरुआती दो सेटों में लगभग परफेक्ट टेनिस खेला। उन्होंने अपने भारी फोरहैंड और ड्रॉप शॉट्स से मेदवेदेव को काफी परेशान किया। एक समय ऐसा लग रहा था कि मेदवेदेव टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे, लेकिन तीन घंटे से अधिक चले इस मैच में रूसी खिलाड़ी ने अपना धैर्य नहीं खोया। तीसरा सेट करीबी अंतर से जीतने के बाद मैच की पूरी लय मेदवेदेव के पक्ष में मुड़ गई। थकान मारोजसन पर भारी पड़ी, चौथा सेट 19 मिनट में जीता चौथे सेट की शुरुआत में ही फाबियन मारोजसन थकान के संकेत देने लगे थे। पहले दो घंटों तक चली लंबी बेसलाइन रैलियों का असर हंगरी के खिलाड़ी पर दिखने लगा और उनकी सर्विस की गति भी कम हो गई। मेदवेदेव ने इसका पूरा फायदा उठाया और महज 19 मिनट में चौथा सेट 6-0 से अपने नाम कर लिया। पांचवें और निर्णायक सेट में मेदवेदेव पूरी तरह हावी रहे और 2026 सीजन की अपनी लगातार 8वीं जीत दर्ज की।

# आईसीसी की डेडलाइन तक बांग्लादेश ने जवाब नहीं दिया

## टी-20 वर्ल्डकप से बाहर होना लगभग तय

बांग्लादेश टीम का टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होना लगभग तय माना जा रहा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी की ओर से दी गई 24 घंटे की डेडलाइन के भीतर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया। क्रिकबज के अनुसार, इसी वजह से इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल अब बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल करने की तैयारी कर रही है। बांग्लादेश बोर्ड ने पहले ही सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार कर दिया था। इसके बाद आईसीसी ने गुरुवार को बोर्ड को एक दिन का अतिरिक्त समय दिया, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं आया है। इससे आईसीसी के सामने स्थिति साफ नहीं हो पाई है। हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को नेशनल टीम के खिलाड़ियों के साथ ढाका में बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा, हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता अब भी बनी हुई है।

### बांग्लादेश ने भारत में खेलने से इनकार क्यों किया, जानिए 2 बड़ी वजह

1. बांग्लादेश में हिंदुओं की लगातार हो रही हत्याओं के विरोध में बीसीसीआई ने बांग्लादेशी पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करवा दिया। बीसीबी ने इसका विरोध किया।

2. मुस्तफिजुर को बाहर किए जाने को बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टियों ने मुद्दा बना दिया। फिर यूनुस सरकार ने अपने देश में आईपीएल प्रसारण पर बैन लगा दिया। इसके बाद क्रिकेट बोर्ड ने भारत में वर्ल्ड कप ना खेलने की मांग की जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया। पाकिस्तान ने समर्थन किया था, लेकिन बहिष्कार नहीं एक दिन पहले बांग्लादेश को उम्मीद थी कि पीसीबी उसके समर्थन में टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगा। पाकिस्तानी बोर्ड ने आईसीसी बोर्ड मीटिंग में सपोर्ट भी किया, लेकिन टूर्नामेंट से हटने की बात नहीं कही। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि पाकिस्तान अपने वर्ल्ड कप खेलने के फैसले पर फिर विचार कर सकता है। मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने पर विवाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी है। उन्हें चयक्रने 3 जनवरी को बीसीसीआई के कहने पर टीम से बाहर कर दिया था। इससे बौखलाई बांग्लादेश सरकार ने अपने यहां आईपीएल मैचों के प्रसारण पर रोक लगा दी।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल मण्ड्रेला, झुन्झुनू (राज0)**
(Email – mandrella.jaipur@gmail.com)
क्रमांक :– न.पा.म. / 2025–26 / 830 दिनांक :– 19.01.2026
**– निविदा सूचना –**
(NIB CODE – DLB2526B0552)
नगरपालिका मण्ड्रेला द्वारा निम्नलिखित कार्य से सम्बन्धित समस्त संकर्म / सेवाओ श्रेणी के केन्द्र / राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मस् से http://sppp.rajasthan.gov.in पर दिनांक 20.01.2026 से दिनांक 27.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक प्रकाशित की जाती है। ऑफलाईन निविदा दिनांक 27.01.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जाकर उसी दिन दोपहर 03:00 बजे तक प्राप्त की जावेगी है। तथा प्राप्त निविदाए दिनांक 27.01.2026 को सायं 04:00 बजे उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जावेगी। निविदा से संबंधित शर्ते एवं विस्तृत विवरण निम्न विवरणानुसार इंटरनेट साईट पर http://sppp.rajasthan.gov.in व कार्यालय मे कार्यालय समय पर भी देखी जा सकती है।

| S.No. | Tender UBN/NIB Number |
|---|---|
| 1 | (DLB2526SSOB31433) |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्ड्रेला
राज.संवाद / सी / 25 / 18308

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग-खण्ड फतेहपुर (सीकर)**
क्रमांक:-1805 दिनांक:- 15.01.2026
**ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या : 12/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क मरम्मत कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 30.01.2026 को सायं 6:00 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा में 5 कार्य कुल राशि रू. 34.70 लाख के हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट https://sppp.rajasthan.gov.in, http://dipr.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. PWD2526A5205
UBN No. PWD2526WSOB21049
to PWD2526WSOB21053
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड फतेहपुर
DIPR/C/1109/2026

# अदार पूनावाला खरीद सकते हैं आरसीबी

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ और पूनावाला फिनकॉर्प के चेयरमैन अदार पूनावाला ने आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। अदार पूनावाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर पोस्ट कर बताया कि वे आने वाले कुछ महीनों में टीम के लिए एक मजबूत और बोली लगाएंगे।

अदार पूनावाला ने टीम की तारीफ करते हुए लिखा, आरसीबी आईपीएल की बेहतरीन टीमों में से एक है।

यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने इस टीम में रुचि दिखाई है। पिछले साल अक्टूबर में भी उन्होंने कहा था कि अगर सही कीमत मिली तो आरसीबी एक शानदार इन्वेस्टमेंट साबित हो सकती है। डियाजियो कर रही है टीम का स्ट्रैटेजिक रिव्यू आरसीबी का मालिकाना हक फिलहाल शराब बनाने वाली दिग्गज मल्टीनेशनल कंपनी डियाजियो के पास है।

**कार्यालय प्रधानाचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सीकर**
क्रमांक:-जिशिप्रसं/सी/स्टोर/2026/3085 दिनांक:- 21.1.26
**खुली बोली निविदा सूचना-08/2025-2026**
डाइट संस्थान सीकर में निम्नलिखित सिविल कार्य (निर्माण) हेतु अधिकृत ठेकेदारों से खुली निविदा बोली आमंन्त्रित कि जाती है। निविदा बोली का निविदा फॉर्म https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर से डाउनलोड कर सकते हैं जिसका UBN No. EED2526WSOBO2110 NIB No EED2526A1639 है।

| क्र.सं | कार्य का नाम | वित्तिय स्वीकृति राशि | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा फर्म ब्रिकी की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खोलने की अन्तिम तिथि व समय | विवि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair work of Diet Academic Building | 199982 | 8000 | 200 | 1 माह | 28.01.2026 व समय 2:00 पी.एम. तक | 28.01.2026 व समय 3:00 पी.एम. | |
| 2 | Construction of Toilet | 199642 | | | | | | |

प्रधानाचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
सीकर
DIPR/C/1216/2026

# मेघा पीटीएम व निपुण मेला आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे की पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीमाधोपुर में मेघा पीटीएम निपुण मेले का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेघा पीटीएम के अंतर्गत अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम एवं प्रखर राजस्थान कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संवाद कार्यक्रम का प्रसारण कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को सुनाया गया। मध्यांतर में कृष्ण भोग का आयोजन किया गया, जो महावीर सिंह खर्रा, गिरवर सिंह, आशा मीणा एवं विमल नेहरा के सहयोग से संपन्न हुआ। मध्यांतर उपरांत निपुण मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक एवं कौशल विकास से जुड़े काउंटर लगाए गए। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में प्रतिभा गुप्ता, रामचंद्र यादव, कैलाश सिंह कुमावत एवं महेंद्र सिंह शेखावत शामिल रहे। कार्यक्रम का निरीक्षण अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र लाटा एवं लेखा अधिकारी कुमावत द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं स्टेशनरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। मेघा पीटीएम के अंतर्गत अभिभावक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी शिशुपाल सिंह एवं ओमप्रकाश गुर्जर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले समस्त स्टाफ, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# रिश्वत प्रकरण में तत्कालीन आबकारी प्रहराधिकारी के खिलाफ विशेष न्यायालय में चालान पेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी मुख्यालय के निर्देशन में एसीबी इंटेलिजेंस यूनिट उदयपुर ने रिश्वतखोरी के एक मामले में सलूंबर आबकारी थाने के तत्कालीन प्रहराधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के खिलाफचालान पेश किया है। यह चालान उदयपुर स्थित विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम क्रम संख्या-01 की अदालत में पेश किया गया। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता के अनुसार आरोपी ने अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए परिवादी से उसकी पुत्री के नाम संचालित लाइसेंसी शराब दुकान को बिना किसी बाधा के चलाने, चेकिंग नहीं करने और परेशान न करने के एवज में प्रति माह 2 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। जनवरी 2023 से मार्च 2023 तक कुल 6 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई। परिवादी की शिकायत पर 31 मार्च 2023 को एसीबी द्वारा ट्रेप कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के दौरान आरोपी ने परिवादी से 6,000 रुपये की रिश्वत राशि स्वयं मांग कर स्वीकार कीए जिस पर प्रकरण संख्या 73/2023 दर्ज किया गया। मामले की जांच पूर्ण होने के बाद आरोपी के खिलाफ आरोप प्रमाणित पाए गए। इसके बाद आबकारी आयुक्त, आबकारी विभाग राजस्थान उदयपुर से अभियोजन स्वीकृति प्राप्त की गई। जांच में आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 संशोधित 2018 की धारा 7 एवं 7, तथा धारा 120बी आईपीसी के तहत अपराध प्रमाणित पाए गए। एसीबी मुख्यालय के आदेशों की पालना में इंटेलिजेंस यूनिट, उदयपुर द्वारा आरोपी के खिलाफविशेष न्यायालय में चालान पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# मेगा पीटीएम एवं निपुण मेला आयोजित



निसं

**साण्डवा ( नवयत्न )।** पीएमश्री लक्ष्मी नारायण तापड़िया राजकीय उच्च विद्यालय सांडवा के प्रधानाचार्य जयसिंह ने बताया स्थानीय विद्यालय के प्राथमिक अनुभाग में मेगा पीटीएम एवं निपुण मेला का आयोजन किया जिसमें पीईईओ सांडवा अधीन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । मेले में मॉडल, चार्ट, क्ले आर्ट एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। साथ ही इन गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पवन कुमार, भवानी शंकर मारू, ईश्वर राम, रामदेवा राम, नेमीचन्द, भंवर लाल, गीता मीणा, मनीराम, सुमन, सीमा मीणा एंव अन्य स्टाफउपस्थित रहे।

# नामदेव समाज की शोभायात्रा में दिखी आस्था, संस्कृति और उत्साह



बाबूलाल वर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शुक्रवार को निश्चित कार्यक्रम के अनुसार कारुण्डिया रोड बालाजी से सुबह 10 बजे नामदेव समाज की भव्य शोभायात्रा रवाना हुई। शोभायात्रा गांधी चौक, छावनी बाजार एवं चूणा चौक से होती हुई दोपहर ढाई बजे नामदेव मंदिर पहुँची। डीजे की मधुर धुनों पर समाज के पुरुष, महिलाएँ एवं मातृशक्ति नाचते-गाते हुए शोभायात्रा में शामिल रहे। घोड़ों की बग्गी में विराजित राधा-कृष्ण एवं संत नामदेव की आकर्षक झाँकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के नामदेव मंदिर पहुँचने पर पुजारी द्वारा द्वार पर आरती उतारी गई। तत्पश्चात मंदिर में ध्वज अर्पित किए गए एवं सामूहिक आरती का आयोजन हुआ। इसके पश्चात सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह का शुभारंभ हुआ। संस्था अध्यक्ष मनोज झेंडू द्वारा परमानंद सिकरवाल को कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में रोहतास ऊंटवाल को पदासीन कराया गया। साथ ही डॉ भानुमति राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व नामदेव संगठन दिल्ली, राधेश्याम बैराठी, शांतिस्वरूप एवं कमल नामदेव युग सम्पादक को विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन किया गया। सभी अतिथियों का साफा, पुष्पमाला एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया।

# जनता बनी पुलिस की आंख और कान : 2.45 लाख कम्युनिटी वॉलिंटियर्स संभाल रहे सुरक्षा का मोर्चा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय की कम्यूनिटी पुलिसिंग शाखा ने समाज के विभिन्न वर्गों को पुलिस के साथ जोड़कर एक अभेद्य सुरक्षा चक्र तैयार किया है। वर्तमान में राज्य में सीएलजी मेंबर, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, स्टूडेंट पुलिस कैडेट और सुरक्षा सखियों के रूप में करीब 2.45 लाख वॉलिंटियर्स पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिविल राइट्स, मानव अधिकार एवं कम्युनिटी पुलिसिंग लता मनोज कुमार ने बताया कि राजस्थान पुलिस अधिनियम 2007 के तहत गठित सामुदायिक सम्पर्क समूह सीएलजी आज पुलिस और जनता के बीच सकारात्मक संवाद का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। राज्य में जिला, थाना और वार्ड स्तर पर कुल 82,065 सीएलजी सदस्य सक्रिय हैं। दिसंबर 2025 तक पुलिस ने इन सदस्यों के साथ 29 हजार 158 बैठकें आयोजित कर स्थानीय समस्याओं का समाधान किया है। ईद की नमाज हो या होली-दिवाली के मेले, ये सदस्य सौहार्द बनाए रखने में पुलिस के मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं। पुलिस मित्र योजना ने पुलिस के प्रति आमजन का नजरिया बदला है। प्रदेश में 40 हजार 867 पुलिस मित्र अपनी स्वेच्छा से यातायात संचालन, नाकाबंदी और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुँचाकर उनकी जान बचा रहे हैं।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधों पर लगाम लगाने के लिए 24,443 ग्राम रक्षकों को सूचीबद्ध किया गया है। ये रक्षक ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त और सूचना संकलन के जरिए पुलिस के सूचना तंत्र को मजबूत कर रहे हैं। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजस्थान पुलिस ने सुरक्षा सखी के रूप में क्रांतिकारी पहल की है। वर्तमान में 21 हजार 953 महिलाएं सुरक्षा सखी के रूप में पुलिस और पीड़ित के बीच सेतु का कार्य कर रही हैं। इसके साथ हीए सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ रोकने के लिए राज्य में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स का गठन किया गया है। यह संवेदनशील पहल न केवल अपराधों पर अंकुश लगा रही है। बल्कि समाज में निर्भीक नारी की संकल्पना को साकार कर रही है। एडीजी लता मनोज कुमार ने बताया कि महिलाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत दिसंबर 2025 तक रिकॉर्ड 14,83,030 महिलाओं व बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। वहीं भावी पीढ़ी में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए स्टूडेंट पुलिस कैडेट एसपीसी योजना के तहत वर्तमान सत्र 2025-26 में 75,571 विद्यार्थी 927 राजकीय एवं 78 केन्द्रीय विद्यालयों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बन रहे हैं। कम्युनिटी पुलिसिंग के बढ़ते प्रभाव और इसकी सफलता पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीना ने विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करना ही इस शाखा का मुख्य ध्येय है। एएसपी मीना के अनुसार जब एक आम नागरिकए महिला या युवा सुरक्षा सखी या पुलिस मित्र के रूप में विभाग से जुड़ता है, तो वह केवल एक वॉलंटियर नहीं बल्कि खाकी का मददगार चेहरा बन जाता है। उनके नेतृत्व में प्रदेश भर में आयोजित 26,129 पुलिस जन.सहभागिता कार्यक्रमों के जरिए अब तक 8,73,259 लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया गया है। मीना ने बताया कि यह पहल साबित करती है कि जब पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता बनता है तो कानून-व्यवस्था बनाए रखना आसान हो जाता है और सामाजिक समरसता बढ़ती है।

# हिन्दू सम्मेलन में पंच-परिवर्तन से राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का हुआ आगाज

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे की गणेश बस्ती में इच्छापूर्ण बालाजी धाम गणेश नगर कॉलोनी में गुरुवार को गणेश बस्ती का हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर ओमकार दास महाराज ने सनातन धर्म के सामने आने वाली चुनौतियों व उनके उचित समाधान विषय पर प्रभावकारी प्रवचन दिए। विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम ने कहा कि पंच-परिवर्तन केवल विचार मात्र नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा लाने और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का एक सामाजिक, सांस्कृतिक अभियान है। सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर कविता यादव ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को जोड़ते हुए पंच-परिवर्तन से राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का आगाज व परिचर्चा की। स्थानीय संत हेमंत महाराज एवं अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन में चार चांद लगाने का काम किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष जगदीश सिंह शेखावत, महिला कार्य प्रमुख सरोज, अशोक सैनी, सुंदर चौहान, जगेन्द्र सैनी, रामावतार सैनी, रामबाबू व्यास, राष्ट्रीय सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका चित्रा लाटा, आयोजन समिति के सचिव एडवोकेट अशोक पारीक सहित सैकड़ों लोगों ने गणेश बस्ती हिन्दू सम्मेलन में पंच-परिवर्तनों यथा सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्य पर संकल्प लिया। इस विशाल एवं भव्य कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक मंच संचालन भंवरलाल सैनी ने किया। कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख नरेंद्र कुमावत ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की अंतिम श्रृंखला में विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने पंगत-प्रसादी ग्रहण की।

# भामाशाह रामकिशन जुगल किशोर बरासिया मार्ग का किया लोकार्पण



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के चिड़ावा-बुहाना मार्ग से पावर हाउस को जाने वाला मार्ग अब भामाशाह रामकिशन जुगल किशोर बरासिया मार्ग के नाम से जाना जायेगा। शुक्रवार को पूर्व विधायक सुभाष पूनियां के मुख्य आतिथ्य व नगरपालिका चेयरमैन पुष्पा सेवाराम गुप्ता की अध्यक्षता में अतिथियों द्वारा फीता काटकर भामाशाह रामकिशन जुगल किशोर बरासिया मार्ग का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के विशिष्ट तिथि लोकतंत्र सेनानी सज्जन अग्रवाल, रवि सुद्राणियां, विनोद खेतान, पूर्व चेयरमैन नरेश वर्मा, संतोष खंडेलवाल, संयुक्त सचिव जया पाठक व प्राचार्य डॉ रवि शर्मा रहे। वक्ताओं ने बताया भामाशाह रामकिशन जुगल किशोर बरासिया परिवार क्षेत्र में सामाजिक कार्यों सहित शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, पेयजल व जरूरतमंदों का सहयोग करने में हमेशा अग्रणी रहता है। कार्यक्रम का आयोजन कर रहे महाविद्यालय संयुक्त सचिव जया पाठक व प्राचार्य डॉ रवि शर्मा के सानिध्य में महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर पालीराम मुंशी, जिला व्यापार संघ अध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, विकाश शर्मा लोटिया, महेश ड्रोलिया, प्रदीप मित्तल, बृजलाल गाड़ोदिया, सुरेश शाह, बाबूलाल गोयल, पार्षद कैलाश शर्मा, पार्षद राजेंद्र सौंकरिया, संतोष कुमावत, पूर्व पार्षद राकेश नांदवाला, राजेश छापड़िया, श्योराम कुमावत, अशोक जांगिड़, अजीत सिंह बिजौली, अशोक सिंह, अमर सिंह, विक्रांत शर्मा, अनिल नेहरा सहित सैंकड़ों की संख्या में कस्बे के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# नेशनल हाईवे पर तीन गाड़ियों की भिड़ंत, 7 महिलाएं सहित 9 घायल

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ी-सिंघाना नेशनल हाईवे पर गोठड़ा के पास मोदी फैक्ट्री के नजदीक शुक्रवार दोपहर तीन गाड़ियों की भिड़ंत हो गई। हादसे में बारात में जा रही अर्टिगा गाड़ी चपेट में आ गई, जिससे 7 महिलाओं सहित कुल 9 जने घायल हो गए। इनमें से दो महिलाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें झुंझुनूं रैफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नांगल निवासी स्कॉर्पियो चालक अमित कुमार यादव सिंघाना से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही थार गाड़ी उसका पीछा करने लगी। गोठड़ा ग्राम पंचायत की मोदी पोल फैक्ट्री के पास थार चालक ने स्कॉर्पियो गाड़ी के आगे वाले टायर के पास टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सामने से आ रही अर्टिगा गाड़ी से जा टकराई। अर्टिगा गाड़ी में सवार लोग बबाई से झज्जर बारात में जा रहे थे। बबाई निवासी तेजस पुत्र भानाराम सैनी ने बताया कि बारात में महिलाओं को आगे अर्टिगा गाड़ी में भेजा गया था। अचानक हुई इस भिड़ंत में अर्टिगा व स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए गोठड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉ महेंद्र सैनी ने बताया कि हादसे में घायल आशा पत्नी रविकुमार, सोनिया पत्नी रतनलाल, लीला पुत्री कुलदीप, मदनलाल पुत्र सब्बसिंह, नेहा पुत्री महावीर, शारदा पत्नी रामसिंह, अमित, पायल और अनिल पुत्र रामसिंह को लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद आशा और सोनिया की हालत गंभीर होने पर झुंझुनूं रैफर किया गया जबकि अन्य घायलों को खेतड़ी उपजिला अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना पर खेतड़ी उपखंड अधिकारी सुनील कुमार और खेतड़ी नगर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना किया। क्षतिग्रस्त गाड़ियों को ग्रामीणों की मदद से सड़क किनारे हटाकर यातायात सुचारू करवाया गया। हादसे के बाद थार गाड़ी का चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

# मेगा पेटीएम एवं निपुण मेला आयोजित

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ की संचिया लाल बेद, रा.बा.उ.मा. विद्यालय में मेगा पी टी एम व निपुण मेले का प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की कई प्रार्थनाएं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। मेगा पी टी एम कार्यक्रम में अभिभावकों व शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम सांझा किया गया। मध्यांतर में छात्राओं द्वारा कृष्ण भोग ग्रहण किया गया। विभागीय निर्देशानुसार निपुण मेले में पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें, आयोजित ध्वनि पहचान खेल शब्द निर्माण गतिविधि में फातिमा, स्वतंत्र पठन में फलक, गैलरी वॉक में सानिया, समझ आधारित प्रश्नोत्तरी तथा धारा प्रवाह पठन दोनों प्रतियोगिताओं में लक्ष्मी प्रथम रही। विजेताओं व भाग लेने वाली सभी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# सैकंडरी परीक्षा तैयारी टिप्स पुस्तिका वितरित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान द्वारा प्रकाशित सैकंडरी परीक्षा तैयारी टिप्स पुस्तिका राजकीय प्रकाश उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास के आतिथ्य में निःशुल्क वितरित की गई । सी बी ई ओ व्यास ने विद्यार्थी हित में फोरम द्वारा किए जा रहे प्रयासों को प्रेरणादाई और अनुकरणीय बताया । पुरस्कृत शिक्षक फोरम के उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास ने बताया कि बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन में अत्यन्त प्रभावी और कारगर सिद्ध हो रही यह पुस्तिका फोरम के जिला सचिव ओमप्रकाश तंवर के सद्प्रयासों से जिले के सभी ब्लॉक्स में उपलब्ध करवा दी गई है । उल्लेखनीय है कि गत 22 वर्षों से राजस्थान के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा तैयार सामग्री का नियमित प्रकाशन एवं निःशुल्क वितरण फोरम द्वारा किया जा रहा है। भामाशाह प्रेरक शिक्षक राकेश गहलोत, सुबेसिंह जाखड़, शुभकरण दायमा ने सभी विषयों की पाठ्यक्रम के अनुसार संक्षिप्त



सामग्री को परीक्षार्थियों के लिए उपयोगी बताया। इसी क्रम में रतनगढ़ ब्लॉक के ग्राम बिरमसर, बछरारा, नूवा, लोहा, राजलदेसर के राजकीय विद्यालयों में भी यह निःशुल्क वितरित की गई है ।

# सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर निकाली झांकी

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ की स्थानीय विद्यालय श्री चिरंजी लाल धानुका एवं श्री दुर्गा प्रसाद धानुका बालिका आदर्श विद्या मंदिर द्वारा आज शुक्रवार को सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर भारत माता, सरस्वती माता और सुभाषचन्द्र बोस की झांकी के साथ शहर के मुख्य मार्गों में पथ संचलन निकाला गया। जयपुर प्रांत के सचिव लक्ष्मणसिंह राठौड़, जिला सचिव त्रिविक्रम अपुर्वा, प्राचार्य सुनील कुमार महर्षि, प्राचार्य लोकेश कुमार चौमाल, व्यवस्थापक रामोतार शर्मा, रामलाल स्वामी और सह व्यवस्थापिका जमुना देवी ने भगवा ध्वज दिखाकर पथ संचलन रवाना किया। घोष के साथ कदम से कदम मिलाते हुए पथ संचलन में विद्यालय के भैया बहिन धानुका विद्यालय से घंटाघर होते हुए अशोक स्तम्भ से प्रजापति भवन, लाल कुआ होते हुए बड़ी शीतला धोरा से धानुका विद्यालय परिसर पहुँचे। विद्यालय पहुंचने पर लक्ष्मणसिंह राठौड़ ने सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी के



बारे में बताया। त्रिविक्रम अपुर्वा ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय करवाया। रामोतार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नरेन्द्र कुमार चौमाल, ताराचन्द शर्मा, नागरमल प्रजापत, अर्चना इन्दौरिया, अर्चना वर्मा, सरिता सैन, राजेश बशीर, दिनेश कुमार तिवाड़ी, पवन ठठेरा, दामोदर मंगलहारा, श्यामलाल प्रजापत, श्यामलाल ठठेरा, प्रकाश सैनी, नगेन्द्र जोशी, बजरंग लाल, श्रीकृष्ण सैनी, श्यामलाल शर्मा, ललित माटोलिया एवं विद्यालय के समस्त स्टाफउपस्थित था।

# गौ माता की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** पिंजरापोल गौशाला में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर गौ माता की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित किया गया। इसी क्रम में मुकुंदगढ़ पिंजरापोल के वरिष्ठ कर्मचारी महावीर सिंह शेखावत घोड़ीवारा द्वारा उनके मनोकामना पूर्ण होने पर गायों को पेड़े का प्रसाद लगाकर सभी गायों को पेड़ा का प्रसाद खिलाया गया। इस मौके पर गौशाला के अध्यक्ष मुरारी लाल मुरारका, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मोदी, सचिव सुरेश टीबड़ेवाल, सदस्य सुशील मोदी, बाल किशन सैनी, बिड़दू सैनी, सरबत्ती देवी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# फायरिंग आरोपी के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सुभाष चौक थाना इलाके के गंगापोल में हुई फायरिंग की सनसनीखेज वारदात के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अपराधियों के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति के तहत बड़ी कार्रवाई की है। फायरिंग के मुख्य आरोपी और कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रवि मेहरा 25 के अवैध निर्माण को शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने भारी पुलिस जाब्ते के बीच बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई हवामहल-आमेर जोन के नगर निगम दस्ते द्वारा की गई। निगम प्रशासन ने बताया कि आरोपी ने मेहरा बस्ती स्थित अपने मकान के आगे सड़क सीमा में करीब सात फीट तक अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कर रखा था। पूर्व में नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन पालन नहीं होने पर राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि रवि मेहरा सुभाष चौक थाने का हिस्ट्रीशीटर है और हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा है। 19 जनवरी की सुबह गंगापोल इलाके में रवि मेहरा अपने एक साथी के साथ बाइक पर आया था। उसने पड़ोसी युवक पर फायरिंग की थी। गोली युवक के चचेरे भाई को निशाना बनाकर चलाई गई थी। लेकिन निशाना चूकने पर गोली बबलू महावर 30 के पैर में लग गई। इसके बाद से आरोपी फरार है। आरोपित रवि मेहरा के खिलाफ पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उस पर ब्रह्मपुरी थाने में 15 और सुभाष चौक थाने में 11 मुकदमे दर्ज हैं। फायरिंग की घटना के बाद से पुलिस टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे नगर निगम की टीम बुलडोजर और मशीनों के साथ गंगापोल पहुंची। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की मौजूदगी में अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने साफ कहा कि शहर की कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों और अपराध को संरक्षण देने वाले अवैध निर्माणों पर ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद इलाके के बदमाशों में खौफ का माहौल है।

# हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी व ब्रिजवेल ग्लोबल स्कूल में बसंत पंचमी उत्सव मनाया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी, महादेव नगर हरमाड़ा और ब्रिजवेल ग्लोबल स्कूल, मंगलम विहार सीकर रोड में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, नृत्य व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। निदेशक डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि बसंत पंचमी शिक्षा, संस्कार और सृजनात्मकता की प्रेरणा देती है तथा ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर सोनेश कुमार जैन, शालू शर्मा, अनिता जांगिड़, भावना सिंह सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## वार्षिक उत्सव मनाया



निसं

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** शहर में शाकंभरी गेट के निकट सावित्री विद्यापीठ आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को बसंत पंचमी के पर्व पर विदाई समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जूनियर विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी तथा विद्यार्थियों ने रंगारंग गायन भी प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सैनी ने आए हुए अभिभावकगण व अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कृष्ण शर्मा, राकेश, मुकेश, मूली देवी, टीनू, प्रियंका देवी, अनु, ममता, गुलनिशा, आईसा, दुर्गा देवी, नरगिस, नीतू देवी आदि थे।

## बसंत पंचमी पर्व मनाया



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ की केपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उल्लास और रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चे पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा में सज-संवर कर आए, जिससे पूरे वातावरण में बसंत ऋतु की छटा बिखर गई। विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की गई तथा पुष्प अर्पित कर विद्या की देवी को स्मरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने बसंत पंचमी पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दींए जिनमें गीत, कविता एवं लघु प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्व का महत्व दर्शाया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गोदारा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बसंत पंचमी के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पर्व ज्ञान, कला और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है तथा विद्यार्थियों को सदैव ज्ञानार्जन की ओर प्रेरित करता है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने की गोसेवा



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को साहवा रोड़ पर स्थित श्री बालाजी गौ सेवा समिति व गौ चिकित्सालय में बसंत पंचमी व महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती मनाई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गौमाता को गुड़ व सवामणी का प्रसाद खिलाया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अनूप खण्डेलवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जमरदीन तेली, भंवरलाल पूनिया, अशोक जांगिड़, रामकिशन कुलड़िया, मुकेश महर्षि, नंदू पटीर, जे.के. दायमा, सेठी पैंटर आदि अनेक भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टाडा गांव में शुरू हुई भगवतकथा

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती ग्राम टाडां स्थित विश्वकर्मा सेवा भवन में शुक्रवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ठाकुरजी मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल विश्वकर्मा सेवा भवन पहुंची। कथा प्रारंभ से पूर्व कथा यजमान धनराज जांगिड़ ने सपत्नीक विधिवत श्रीमद् भागवत पुराण एवं व्यास पीठ की पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात कथा वाचक महंत स्वामी कानपुरी महाराज का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रथम दिवस कथा वाचक संत कानपुरी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य पर प्रवचन करते हुए कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को सद्मार्ग पर ले जाने का माध्यम है।

कथा के श्रवण से मन की शुद्धि होती है और भक्ति, ज्ञान व वैराग्य का भाव जागृत होता है। उन्होंने कहा कि कलियुग में श्रीमद्भागवत कथा ही ऐसा दिव्य साधन है, जिससे व्यक्ति मोक्ष के मार्ग की ओर अग्रसर होता है। कथा के दौरान संगीतज्ञ शिवशंकर पारीक ने संगीतमय प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर गिरधारीलाल जांगिड़, ओंकारमलए श्यामलाल जांगिड़, भागीरथ जांगिड़, पृथ्वीसिंह, किसनदास स्वामी, श्रवण स्वामी, युवराज सिंह, दीनदयाल, भैरूसिंह, महंत जेठूसिंह सहित अनेक ग्रामीण व श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहे।

## स्वच्छता की दिलाई शपथ

निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर नगर पालिका के द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवमयी अवसर एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी कुंदन देथा के निदेशानुसार पुष्पांजलि कार्यक्रम भाजपा मण्डल अध्यक्ष विष्णु भगवान प्रजापत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों कर्मचारियों ने गांधी चौक बस स्टैण्ड पर स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कीए राष्ट्रगीत/राष्ट्रगान का वंदन किया। प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

पालिका के कर्मचारी आकाश के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के संयोग से रैली निकाली गई तथा स्कूल में स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

# बसंत पंचमी व बोस जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नवीन तारानगर में बसंत पंचमी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस एवं मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। संस्थाप्रधान डॉ. अशोक जांगिड़ ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भामाशाहों में महावीर प्रसाद जांगिड़, रामचंद्र छाबड़ा, नन्दलाल रैगर, नीलम बेनीवाल का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में किशन लाल जांगिड़, पुष्करदत्त इंदौरिया, संजय पंवार, श्यामसुंदर सोमानी, लालचंद, महेंद्र प्रजापत आदि अतिथि उपस्थित रहे। महेंद्र प्रजापत हलवाई की ओर से विद्यार्थियों के लिए कृष्णभोग की व्यवस्था की गई। पूनरास गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर निपुण मेला, मेगा पीटीएम और कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य देवाराम नैन ने बताया कि निपुण मेले में विद्यार्थियों ने अपने तरह तरह के नवाचारों को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर पूर्व स्टाफ सदस्य स्वण्ग्रामनिवास शर्मा सात्यूं की धर्मपत्नी गोदावरी देवी ने पुनरास पीईईओ क्षेत्र के तीनों विद्यालयों के समस्त विद्यार्थियों के लिए कृष्ण भोग की व्यवस्था की। कार्यक्रम में डॉ. रुबीना बानो, मनफुल सिंह बागोड़, प्रेमसिंह राठौड़, राकेश सिंह, पवन सिंह, सुगनाराम, मनीराम भांभू सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। संचालन भगवानाराम और विकास कुमार ने किया। जगन्नाथ कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर तारानगर में बसंत पंचमी व सुभाष जयंती पर पथ संचलन निकाला गया। प्रधानाचार्य दया कंवर ने बताया कि बसंत पंचमी पर विद्यालय में यज्ञ एवं बालकों का विद्यारंभ संस्कार किया गया। इसके बाद पथ संचलन को प्रबंध, समिति सदस्य पवन कुमार सैनी, प्रधानाचार्य किशनलाल शर्मा, संजय शर्मा, राकेश शर्मा, नारायण गुजर आदि अतिथियों ने रवाना किया। पथ संचलन में मां सरस्वती, गणेश तथा भारत माता की झांकी सजाई गई। अलायला गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सांवरमल शर्मा की अध्यक्षता में तथा बुचावास गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य किशोर कुमार निर्बाण की अध्यक्षता में बसंत पंचमी, निपुण मेला, मेगा पीटीएम व कृष्ण भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## नोखा विधायक डूडी ने बजट से पूर्व सरकार को भेजे अहम प्रस्ताव

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** 28 जनवरी 2026 से प्रारम्भ होने जा रहे राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 से पूर्व नोखा विधायक सुशीला डूडी द्वारा नोखा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रदेश की उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को विकास प्रस्ताव भेजे गए हैं। इन प्रस्तावों में शिक्षाए स्वास्थ्य, सड़क, खेल और धार्मिक स्थलों के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। प्रस्तावों के अनुसार विधानसभा क्षेत्र नोखा के ब्लॉक मुख्यालय पांचू में नवीन राजकीय महाविद्यालय की स्वीकृति की मांग की गई है। साथ ही उप तहसील पांचू को तहसील कार्यालय में क्रमोन्नत करने का प्रस्ताव भी भेजा गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को प्रशासनिक सुविधाएं बेहतर ढंग से मिल सकें। इसके अलावा नोखा विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था के केंद्र सैंगाल धौरा पं.स. पांचू एवं शिव धोरा बंधड़ा के विकास हेतु विशेष बजट आवंटन की मांग की गई है। नोखा स्थित श्री जेठाराम डूडी खेल स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए भी बजट स्वीकृति का प्रस्ताव रखा गया है। क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से लगभग 100 कि.मी. नवीन डामर सड़कों की स्वीकृति, स्वास्थ्य केंद्रों एवं राजकीय विद्यालयों के क्रमोन्नयन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना के प्रस्ताव भी बजट से पूर्व सरकार को भेजे गए हैं। भजनलाल सरकार द्वारा पूर्व की बजट घोषणाओं में कांग्रेस के विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों की उपेक्षा की गई थी, लेकिन अब कांग्रेसी विधायक भाजपा सरकार से आगामी बजट 2026-27 में उम्मीद लगा रहें हैं। इसी क्रम में डूडी ने नोखा क्षेत्र के विकास हेतु प्रस्ताव प्रेषित कर उम्मीद की है कि विधानसभा क्षेत्र नोखा को राज्य सरकार विकास की नई सौगातें प्रदान करेगी।

## गणतंत्र दिवस पर आईपीएस चौहान महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क से होंगे सम्मानित

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आगामी 77 वें गणतंत्र दिवस के गौरवमयी अवसर पर राजस्थान पुलिस और गृह रक्षा विभाग के एक जांबाज अधिकारी की सेवाओं को विशेष पहचान मिलने जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक गृह रक्षा संदीप सिंह चौहान आईपीएस को उनके उत्कृष्ट सेवा रिकॉर्ड और विभाग के प्रति अद्वितीय समर्पण के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। संदीप सिंह चौहान को यह सम्मान उनके पदस्थापन के दौरान राजकार्यों को व्यक्तिगत लगन और अद्वितीय समर्पण के साथ संपादित करने के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने विभाग के स्वयंसेवकों के नियोजन में वृद्धि करने और गृह रक्षा विभाग के विकास कार्यों को पूर्ण निष्ठा व कर्तव्य-परायणता के साथ आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी इन्हीं विशिष्ट उपलब्धियों के फलस्वरूप विभाग ने उन्हें इस सर्वोच्च सम्मान के लिए चुना है। 77 वें गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के दौरान महानिदेशक एवं महासमादेष्टा गृह रक्षा राजस्थान मालिनी अग्रवाल द्वारा उन्हें इस सम्मान से नवाजा जाएगा। आईपीएस संदीप सिंह चौहान को महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क एवं महानिदेशक प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की जाएगी।

## ग्रामोत्थान शिविर का मंत्री खर्रा ने किया निरीक्षण

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** गिरदावर सर्किल श्रीमाधोपुर में आयोजित ग्रामोत्थान शिविर का नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा निरीक्षण किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा चिह्नित लाभार्थियों को सहायता अनुदान के चैक, वित्तिय स्वीकृति एवं भुगतान पत्र वितरित किए।

बसंत पंचमी के मौके पर 11 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में चाबी का प्रतीकात्मक वितरण देकर गृह प्रवेश मंत्री खर्रा द्वारा कराया गया। इस मौके पर कृषि यंत्र 02, फार्म पौण्ड 02, तारबन्दी 05 की वित्तिय स्वीकृति वितरित की गयी। पशुपालन विभाग द्वारा मंगला पशु बीमा योजना में 15 रजिस्ट्रेशन, 05 पॉलिसी, 110 उपचार दिये गये। विद्युत विभाग द्वारा 2.34 लाख का अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई तथा सहकारी बैंक द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के 15 आवेदन तैयार करवाये गये। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा सैकड़ों आवेदन तैयार करवाये गये। मंत्री खर्रा ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत संकल्प के अन्तर्गत युवा उद्यमियों को सरकारी योजनाओं के सदुपयोग का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों द्वारा शिविर में योजनाओं की जानकारी दी गई हैं। श्रीमाधोपुर पंचायत समिति के विकास अधिकारी सुनिल कुमार ढाका द्वारा विभागों का प्रगति प्रतिवेदन पढ़ा गया तथा मंत्री से पंचायत समिति श्रीमाधोपुर के जर्जर भवन के स्थान पर वित्तिय वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा में नये भवन को स्वीकृति कराने का निवेदन किया। डॉ गजेन्द्र सिंह नेहरा अतिरिक्त विकास अधिकारी ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं तथा वीबी जीरामजी योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम में सहायक निदेशक कृषि रामचन्द्र बाजिया, उद्यान विभाग सहायक निदेशक दुर्गा प्रसाद नीमड़, तहसीलदार स्नेहलता उपस्थित रहे और विभागीय योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया।

# स्कूल में बच्चों को परोसी खीर-जलेबी

निसं



**चिड़ासन (नवयत्न)।** गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिड़ासन संचालित है। सर्वप्रथम सरस्वती मां की दीप प्रज्वलित करके पूज्य अर्चना की एवं पुष्प अर्पित किए और बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक राज्य एवं केन्द्र सरकार पोषाहार प्रतिदिन मध्यान्ह अवकाश में विद्यार्थियों को नियमित रुप से खिलाया जाता है। पोषाहार खिलाने की सम्पूर्ण व्यवस्था का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। इस व्यवस्था के बीच पोषाहार में नई स्कीम तहत भामाशाह द्वारा कृष्ण भोग के रुप में विद्यालय में खीर जलेबी या अन्य प्रकार की भोजन दिया जा सकता है। शुक्रवार को विद्यालय में खीर जलेबी परोसी गई। प्रधानाचार्य माधुरी चौधरी के कार्यग्रहण करने के बाद पहला कृष्ण भोग जो भामाशाह की तरफ से छात्र-छात्राओं को खीर जलेबी का भोजन खिलाया गया। खीर जलेबी का आयोजन अध्यापक दयानन्द खटखड़ द्वारा करवाया गया। प्रधानाचार्य माधुरी चौधरी ने इस मौके पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लाभों की जानकारी विस्तार से दी। व्याख्याता मनोज कुमार, होशियार सिंह, वरिष्ठ अध्यापक धर्मेन्द्र बुगालिय, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, टीनू सैनी, अम्मीलाल, दयानंद, सुरेन्द्र सिंह काजला, मोहम्मद हनीफ, कपिल कुमार, प्रवीण कमार, विकास कमार, प्रदीप कुमार शर्मा अभिभावकों की तरफ से मातुराम, पवन कुमार, और एसडीएमसी के सदस्य भी कृष्ण भोग मे सम्मलित हुए। इसी प्रकार मानोता जाटान गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानोता जाटान संचालित है। सर्वप्रथम सरस्वती माता की द्वीप प्रज्जवलित पुजा अर्चना की और पुष्प अर्पित किए और बसंत पंचमी का पर्व मनाया और फिर विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक राज्य एवं केन्द्र सरकार पोषाहार प्रतिदिन मध्यान्ह अवकाश में विद्यार्थियों को नियमित रुप से खिलाया जाता है। पोषाहार खिलाने की सम्पूर्ण व्यवस्था का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। इस व्यवस्था के बीच पोषाहार में नई स्कीम तहत भामाशाह द्वारा कृष्ण भोग के रुप में विद्यालय में खीर जलेबी या अन्य प्रकार की भोजन दिया जा सकता है। शुक्रवार को विद्यालय में खीर जलेबी परोसी गई। प्रधानाचार्य सुरेश चेजारा ने बताया कि भामाशाह प्रताप ढाका की तरफ से छात्र-छात्राओं को खीर जलेबी एवं सब्जी-पूरी का भोजन खिलाया गया। प्रधानाचार्य सुरेश चेजारा ने इस मौके पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लाभों और बसंत पंचमी की जानकारी विस्तार से दी। व्याख्याता संजय काजला, विनीत कुमार, दलीप नेहरा, तेजाराम, संजय वीर, विजय दीप, मंजु, सुनीता, सुमित्रा, विनीता, नीलम अग्रवाल आदि मौके पर उपस्थित थे।

## लोहार्गल में ध्वज पूजन के साथ शुरू हुआ सूर्य सप्तमी महोत्सव



निसं

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** लोहार्गल धाम स्थित सूर्य मठ में आगामी सूर्य सप्तमी महोत्सव को लेकर सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। शुक्रवार को सूर्य मठ मंदिर परिसर में सूर्य ध्वज पूजन के साथ महोत्सव कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। लोहार्गल पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री रामानुजाचार्य महंत स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज ने ध्वज पूजन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर पंडित आचार्य चेतन जी शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत गणेश पूजन, सूर्य ध्वज पूजन, पूर्व आचार्य समाधि स्थल पूजन एवं गौ माता पूजन कर धार्मिक परंपराओं के अनुसार महोत्सव का शुभारंभ किया गया। पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रों की गूंज और भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर पंडित मनीष शर्मा, मनोज कुमार, रिया, सांवरमल सेन, युवराज देव, प्रतीक्षा शर्मा, कीर्ति शर्मा, मुकेश शर्मा, पंडित सुरेंद्र शास्त्री सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## निगम ने 120 किलो प्लास्टिक जब्त कर किया एक लाख का जुर्माना

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के संकल्प के तहत नगर निगम जयपुर की स्वास्थ्य शाखा ने सख्त कार्रवाई करते हुए नियम तोड़ने वालों पर बड़ा प्रहार किया है। अतिरिक्त आयुक्त प्रवीण कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य शाखा के विशेष दस्ते ने शुक्रवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान राजा पार्क क्षेत्र में एक टैंपो में ले जाई जा रही करीब 120 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया। इस दौरान प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक का उपयोग पाए जाने पर एक लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया गया। निगम की इस कार्रवाई से इलाके के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। इसी क्रम में त्रिपोलिया बाजार स्थित मुरली पान भंडार का निरीक्षण किया गया।

## योगक्षेम वर्ष की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित

निसं



**लाडनूं (नवयत्न)।** आचार्यश्री महाश्रमण के योगक्षेम वर्ष 2026-27 के प्रवास को लेकर जैन विश्व भारती, लाडनूं में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजस्थान सरकार के शासन सचिव रवि जैन एवं जिला कलेक्टर डॉ महेन्द्र खड़गावत ने की। बैठक में योगक्षेम वर्ष के दौरान प्रशासनिक समन्वय, सुरक्षा, यातायात एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने गत बैठक की समीक्षा करते हुए अब तक प्रगति की जानकारी ली। शासन सचिव रवि जैन ने समुचित विद्युत व्यवस्था हेतु अतिरिक्त विद्युत पोल एवं स्ट्रीट लाइट लगाने, सीवरेज एसटीपी प्लांट को तत्काल प्रारंभ करने तथा भविष्य में लाडनूं को नवीन फायर ब्रिगेड आंवटन का आश्वासन दिया। नगरपालिका को आवारा पशुओं की रोकथाम, सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा वेटरनरी विभाग के साथ संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन को योगक्षेम वर्ष के दौरान जैन विश्व भारती परिसर में अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, एडीएम मोहनलाल खटवानिया, एसडीएम मीनू वर्मा, डीएसपी जितेन्द्र सिंह, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन जितेंद्र जांगिड़, नगरपालिका ईओ हरेंद्र, जेवीभा परिसर संयोजक धरमचंद लुंकड़, प्रवास व्यवस्था समिति अध्यक्ष प्रमोद बैद, मंत्री निर्मल कोटेचा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बसंत पंचमी पर बिरला शिक्षण संस्थान ने मनाया 97वां स्थापना दिवस

निसं



**पिलानी (नवयत्न)।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को बिरला बालिका विद्यापीठ के नेतृत्व में बिरला शिक्षण संस्थान का 97वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सरस्वती मंदिर परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आईएएस डॉ अरुण गर्ग रहे। जबकि समारोह की अध्यक्षता बिरला शिक्षण संस्थान के निदेशक मेजर जनरल एसएस नायर एवीएसएम ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निदेशक एवं संस्थान से संबद्ध सभी विद्यालयों की प्राचार्याओं द्वारा श्रद्धेय घनश्यामदास बिरला की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात बिरला बालिका विद्यापीठ की छात्राओं ने पारंपरिक राजस्थानी शैली में मुख्य अतिथि का स्वागत किया। समारोह की शुरुआत स्वस्तिवाचन से हुई। तत्पश्चात बिरला बालिका विद्यापीठ, बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी, बिरला शिशु विहार, बिरला स्कूल पिलानी, बिरला पब्लिक स्कूल किशनगढ़ तथा बिरला पब्लिक स्कूल गंगानगर के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य, मां शारदा की स्तुति, कुलगीत एवं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यशोगान की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकायों में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन तथा अंतरविद्यालयीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही संस्थान से संबद्ध सभी विद्यालयों से चयनित श्रेष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके समर्पित शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालयों के कर्मचारियों को भी उनके अतुल्य सेवाभाव एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि आईएएस डॉ अरुण गर्ग ने अपने संबोधन में बसंत पंचमी एवं स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिरला शिक्षण संस्थान शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का सशक्त केंद्र है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत परिश्रम, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निदेशक मेजर जनरल एसएस नायर ने अपने उद्बोधन में संस्थान की 97 वर्षों की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि बिरला शिक्षण संस्थान ने आधुनिक शिक्षा प्रणाली को अपनाते हुए मूल्य-आधारित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सदैव प्राथमिकता दी है। उन्होंने संस्थापक जीडी बिरला के दूरदर्शी विचारों को स्मरण करते हुए शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। अंत में बिरला बालिका विद्यापीठ की प्राचार्या अचला वर्मा ने मुख्य अतिथि, निदेशक एवं सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में बिरला शिक्षण संस्थान के उप निदेशक वित्त घनश्यामसिंह गौड़, उप निदेशक प्रशासन एवं विधि अजय कुमार अग्रवाल, विधि अधिकारी कपिल शर्मा, बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी की प्राचार्या काजल मारवाह, बिरला शिशु विहार के प्राचार्य पवन वशिष्ठ, बिरला स्कूल पिलानी के प्राचार्य धीरेंद्र सिंह, बिरला पब्लिक स्कूल किशनगढ़ के प्राचार्य सौरभ कुमार गुहा, बिरला पब्लिक स्कूल गंगानगर के प्राचार्य डॉ नितेश कुमार सिंह, बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल की प्रशासिका शोभा वर्मा, डॉ मनोज जांगिड़, चंद्रशेखर राठौड़, मातुराम मूर्तिकार, जगदीश सोनी, डॉ हरिसिंह सांखला, जगदीश जोशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190